प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र



# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

आम बजट 2026-27-भारत ने बांग्लादेश की फंडिंग में चलाई कैंची पेज-2

पेज-6 बेमौसम बारिश से बिगड़ी किसानों की हालत, भगवान से प्रार्थना

वर्ष : 15 अंक : 46 | बुधवार 04 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## राज्यसभा में मोदी–ट्रंप की बातचीत पर कांग्रेस का प्रहार

### –विपक्ष के व्यवहार को नड्डा ने बताया गैर जिम्मेदाराना

(एजेंसी) नई दिल्ली राज्यसभा में मंगलवार को कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच समझौता होने की बात सोशल मीडिया में आने और इस बारे में संसद को अवगत नहीं कराये जाने का मुद्दा उठाया जबकि सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर बयान देगी तथा विपक्ष को गैर जिम्मेदाराना व्यवहार नहीं करना चाहिए। उच्च सदन में आज प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश सहित पार्टी के कई सदस्यों ने अपने स्थानों पर खड़े होकर आसन का ध्यान भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते की ओर दिलाते हुए कहा, यह क्या हो रहा है, हमें इसकी जानकारी सोशल मीडिया से मिल रही है...ये देश के साथ धोखा हो रहा है। इस पर सदन



के नेता नड्डा ने आसन की अनुमति से कहा कि कल रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देर रात एक ट्वीट कर कहा कि उन्होंने भारत पर लगाये जा रहे शुल्क (टैरिफ) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवगत कराया और उन्होंने प्रधानमंत्री को एक सच्चा दोस्त भी बताया। सदन के नेता ने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक ट्वीट कर भारत की ओर से शुक्रिया कहा। नड्डा ने कहा कि उन्होंने उस ट्वीट में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर विस्तार से चर्चा की है। नड्डा ने कहा, मुझे विपक्ष की हताशा स्पष्ट रूप से दिख रही है क्योंकि अच्छाई में भी बुराई देखने का उनका एक तरीका, एक नजरिया बन गया है। उन्होंने कहा कि वह सरकार की तरफ से आश्वासन दे रहे हैं कि इस व्यापार समझौते और उसके एक एक बारीक विवरण के बारे में सदन में एक बयान दिया जाएगा तथा संबंधित मंत्री उसके बारे में चर्चा करेंगे। नड्डा ने कहा कि सरकार जल्द ही अपनी तरफ से बयान देने और इस के विवरणों पर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने अपने स्थान पर खड़े होकर शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा, इनका यह व्यवहार बहुत ही गैर जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एव श्इंडियाश गठबंधन का रवैया गैर जिम्मेदाराना है। नड्डा ने कहा कि ट्रंप ने कल देर रात जो ट्वीट किया है उससे वे सभी बातें गलत साबित हुई हैं जो विपक्ष कहता आ रहा था। इसके बाद कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य सदन से वाक आउट कर गये। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का व्यवहार निदंनीय है और इससे लगता है कि न तो वह देश के विकास में रुचि रखते हैं और न ही उनकी रुचि इस बात में है कि देश का व्यापार आगे बढ़े। सदन के नेता ने कहा कि विपक्ष का उद्देश्य हर बात में राजनीति करने का है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अभी देखने को मिला। उन्होंने कहा, पहले ये (विपक्ष) यह कहते रहे कि ट्रंप का जवाब दीजिए। 50 प्रतिशत टैरिफ लग गया, भारत क्या कर रहा है। नड्डा ने कहा, अब राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वयं अपनी तरफ से ट्वीट कर कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के सच्चे दोस्त हैं तथा वह एक मजबूत नेता हैं, उनकी तरह। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। प्रधानमंत्री ने उसका जवाब देते हुए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्ष के कहने पर वीबी जी रामजी विधेयक, मतदाता सूची का गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा की। बताइये, हमने कब चर्चा नहीं की? नड्डा ने कहा कि विपक्ष देश में यह कहकर एक वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है कि सरकार कुछ छिपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास मुद्दे ही नहीं बचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्ष का राष्ट्र विरोधी व्यवहार है।

## व्हाट्सऐप-मेटा की डेटा शेयरिंग नीति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई सख्त आपत्ति, कहा-निजता के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां श्डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए। पीठ मेटा और व्हाट्सऐप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जो राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं, जिसने विज्ञापन से जुड़े डेटा साझा करने के मामले में सीमित राहत देते हुए प्रभुत्व के दुरुपयोग संबंधी सीसीआई के निष्कर्षों को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक शब्द भी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे, या तो आप लिखित वचन (अंडरटेकिंग) दें.. आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। उसने कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक सभ्य तरीका है, हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे... आपको लिखित वचन देना होगा, अन्यथा हमें आदेश पारित करना होगा।

## भारत–अमेरिका ट्रेड डील पर बोलीं मायावती

### –संसद में सरकार दे पूरी जानकारी

(एजेंसी) लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने



टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर जमीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, इसलिए आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही–सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों और व्यापारिक नीतियों का सीधा असर घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार पर पड़ता है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर पहलू पर विचार कर जनता के हितों की रक्षा करे।

## भाजपा जवाब दे, किसके दबाव में फिर किसानों पर वार किया : अखिलेश यादव

(एजेंसी) लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत–अमेरिका व्यापार सौदे को लेकर सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजारों को खोलना देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ विश्वासघात है, जो खेती पर निर्भर है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फिर किया किसानों पर वार, भाजपा सरकार दे जवाब, क्या है दबाव। उन्होंने आरोप लगाया, भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों व खाद्यान्नों के लिए खोल देना, हमारे देश की खेती–किसानी पर रोजी–बसर करने वाली 70 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए यादव ने दावा किया, भाजपाई और उनके संगी–साथी आजादी से पहले भी विदेशियों के एजेंट थे, आज भी हैं। आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाले भाजपाई और उनके संगी–साथी जनता के बीच जाकर बताएं कि उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के साथ धोखा करने के लिए कितना कमीशन खाया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आशंका जताते हुए कहा, इससे केवल किसान ही नहीं, निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा क्योंकि इससे खाद्यान्न और कृषि उत्पादों की मुनाफाखोरी व बिचौलियों की एक नयी जमात पैदा हो जाएगी, जिसकी वजह से खाने–पीने की सब चीजें और भी महंगी हो जाएंगी। साथ ही भाजपा इन कंपनियों से चंदा वसूली भी करेगी, जिससे खाद्य व कृषि उत्पाद और भी ज्यादा महंगे हो जाएंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि इससे धीरे–धीरे हमारे किसानों की खेती बाड़ी और आय कम हो जाएगी और वे मजबूर होकर अपनी जमीन अमीरों व कॉरपोरेट को बेचने पर मजबूर हो जाएंगे। जमीनों




पर कब्जा करना ही भाजपाई और उनके संगी–साथियों का आखिरी मकसद है। प्रस्तावित बीज विधेयक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय खेती के लिए घातक सीड बिल उसी कृषि और किसान विरोधी भाजपा सरकार की दिमागी उपज है जो भू अधिग्रहण और काले–कानून लाई थी। जो हर साल खाद की लाइन में लोगों को लगाकर उनको अपमानित करती है। उन्होंने आरोप लगाया, ये भाजपाई पहले बीज कंपनियों से कमीशन खाएंगे, फिर,,,कीटनाशक कंपनियों से, घफिर महा भंडारण के लिए बनने वाले साइलो की कंपनियों से, घफिर फसल बीमा कंपनियों से, घफिर कम कीमत तय करते समय। अखिलेश यादव ने कहा कि फिर भाजपाई फसल की खरीद–फरोख्त करने वाले बिचौलियों से कमीशन खाएंगे, भारतीय वातावरण में ऐसे बीज से खेती–किसानी पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी। इसका संगठित रूप से पुरजोर विरोध होना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, एमआरपी और छुट्टा मवेशियों से परेशान किसान अब भाजपा सरकार की ज्यादतियों को और नहीं सहेगा। ये भाजपाई खेती–किसानी को बर्बाद करने के लिए सब कुछ करेंगे क्योंकि ये वो लोग हैं जो जमीन के उत्खनन से लेकर खनन व उसकी पैदावार, सब पर गिद्ध निगाह रखते हैं और साल–दर–साल किसी न किसी रूप में किसानों पर वार करते हैं। यादव ने कहा, भाजपा किसान विरोधी थी, है और रहेगी। भाजपा हटाओ और खेत, किसानी, किसान बचाओ।

## पीएम मोदी की नसीहत-एनडीए नेताओं को अनेक चुनावों में जीत पर संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं से मंगलवार को कहा कि गठबंधन अपनी जन–केंद्रित नीतियों एवं कड़ी मेहनत की वजह से विभिन्न चुनाव जीत रहा है और उसके नेताओं को चुनावी विजय को लेकर आत्मसंतुष्टि की भावना से बचना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राजग संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के सांसदों से कहा कि उन्हें स्थानीय निकाय समेत विभिन्न चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए, बल्कि अच्छा काम करते रहना चाहिए। राजग नेताओं ने 39 देशों के साथ व्यापार समझौते सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान किया। भारत और अमेरिका के व्यापार समझौते पर सहमत होने का जिक्र करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि पूरे देश में इसे लेकर उत्साह का माहौल है। इसके तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। उन्होंने कहा, सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश



विकसित देश हैं...यह ऐतिहासिक है। देश में बहुत अच्छा माहौल रहा है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को समझाया कि सरकार भारत के पक्ष में काम करती है, चाहे वह व्यापार समझौता हो या बजट। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका तथा भारत–यूरोप के बीच व्यापार समझौते का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। यह उनके दृढ़ संकल्प की वजह से हुआ है। व्यापार समझौते से छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को अपने संसदीय कार्यों और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशानिर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग अपने अच्छे काम की वजह से एक के बाद एक चुनाव जीत रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जमीन पर उतरे बिना नहीं जीते जा सकते। हमें जमीन पर रहना होगा और लोगों की भलाई के लिए अच्छा काम करना होगा। भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का बैठक में औपचारिक स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल–यूनाइटेड (जदयू), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), शिवसेना, जनता दल (सेक्युलर) और राजग के अन्य दलों के सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, अपना दल की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा और अन्य नेता शामिल हुए।

## जम्मू-कश्मीरः उधमपुर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान में घेरा

(एजेंसी) जम्मू। जम्मू–कश्मीर के उधमपुर जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मंगलवार को मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी जिले के रामनगर क्षेत्र में जाफ्फेर जंगल में पुलिस और सेना द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि विशाल वन क्षेत्र में यह अभियान सोमवार तड़के दो से तीन आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया, जिनका कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) संगठन से संबंध है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ जारी थी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों में से किसी के भी हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

## भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता, ट्रंप ने घटाया टैरिफ, मोदी बोले-इस सदी की सबसे बड़ी घटना

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चली आ रही व्यापारिक तनाव के बाद एक बड़ा समझौता हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को खुद इस डील की घोषणा की, जिसमें अमेरिका ने भारतीय सामानों पर लगने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को 25: से घटाकर 18: कर दिया है। यह कदम भारत के निर्यातकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, जिससे मेड इन इंडिया उत्पादों को अमेरिकी बाजार में मजबूत बढ़त मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच दोस्ती और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह घोषणा भारत के 140 करोड़ लोगों के लिए खुशी की बात है। मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी को जोरदार सम्मान दिया गया। सांसदों ने उन्हें खड़े होकर तालियां बजाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, दुनिया के संतुलन में भारत की भूमिका अब बहुत अहम हो गई है। भारत अब वैश्विक मंच के केंद्र में है और यही इस सदी की सबसे बड़ी घटना है। दुनिया में भारत की पूछ बढ़ रही है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जब भारत पर टैरिफ लगे थे, तो कुछ लोग टूट पड़े थे और अलग–अलग सवाल खड़े करने लगे थे, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। उन्होंने एनडीए सांसदों से अपील की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में निर्यात की संभावनाओं को तलाशें। सांसदों को निर्देश देते हुए कहा, मैन्युफैक्चरर्स के साथ बैठकें करें, एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने का माहौल बनाएं और क्वालिटी पर खास फोकस रखें। हमें पत्थर पर लकीर खींचने की पुरानी आदत नहीं छोड़नी चाहिए। बैठक में पीएम मोदी ने केरल के एक घटना का जिक्र करते हुए राजनीतिक हिंसा पर कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि कल हमारे एक सांसद ने कृत्रिम पैर के साथ सदन में भाषण दिया, क्योंकि उनके पैर काट दिए गए थे। यह लोकतंत्र में बड़ा पाप है। पीएम ने स्पष्ट किया कि हमारी मौजूदा स्थिति किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की कड़ी तपस्या और समर्पण का नतीजा है। यह समझौता भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती ताकत को दर्शाता है और आने वाले समय में दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# सम्पादकीय

## जय पवार जा सकते हैं राज्यसभा

महाराष्ट्र की सियासत में बीते दिनों एक नया अध्याय तो शुरू हुआ, लेकिन अपने साथ कई अनसुलझे सवाल छोड़ गया। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अजित पवार की विरासत को संभालने का ज़िम्मा उठाया। लेकिन इस समारोह में उस एक चेहरे की कमी चर्चा बनी ,जो अजित पवार की अंतिम विदाई की घड़ी में आँसुओं को थामे हुए सुनेत्रा पवार के साथ साये की तरह उन्हें संभालती दिखीं, वो चेहरा थीं सुप्रिया सुले। अजित पवार के अंतिम संस्कार के वक्त की वो तस्वीरें कोई नहीं भूला है, जब सुप्रिया सुले अपनी भाभी सुनेत्रा पवार को हिम्मत देती नजर आई थीं। तब लगा था कि पवार परिवार का दुख शायद राजनीति की दीवारें गिरा देगा। लेकिन सुनेत्रा के शपथ ग्रहण से सुप्रिया की दूरी ने साफ कर दिया कि इमोशन और इलेक्शन दो अलग पटरी पर हैं। क्या सुप्रिया की ये दूरी शरद पवार की उस नाराजगी का संकेत है जो विलय की चर्चा को ठंडे बस्ते में डालती दिख रही है? वैसे कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि एनसीपी के विलय की कहानी अभी सस्पेंस में है। शरद पवार और उनके नेता जयंत पाटिल ने खुद पुष्टि की है कि विलय की बातचीत पिछले 4 से 6 महीनों से चल रही थी। आगामी 12 फरवरी 2026 को विलय की आधिकारिक घोषणा होनी थी। दोनों गुट आगामी स्थानीय निकाय चुनाव साथ मिलकर घड़ी चुनाव चिन्ह पर लड़ने के लिए तैयार थे, लेकिन अजित पवार की मृत्यु ने इस पूरी प्रक्रिया को फिलहाल अधर में लटका दिया है। यही कारण है कि शरद पवार ने कहा कि विलय की प्रक्रिया अब अनिश्चित है! वहीं बात अब स्वगीर्य अजित पवार के सदस्यों की तो जैसा कि उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार उनकी जगह पर महाराष्ट्र की भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गई है। तो वहीं दूसरी ओर राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि अजित पवार के बेटे जय पवार को राज्यसभा में भेजा सकता है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा पार्थ पवार के पक्ष में नहीं है। जय पवार के नाम पर सहमति है। लेकिन पार्थ पवार पर सहमति नहीं है। मालूम हो कि अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने राज्य की उप मुख्यमंत्री बनने से पहले राज्य सभा से अपना इस्तीफा दे दिया दिया था। पार्थ पवार पर पहले ही आरोप है इसलिए भाजपा इसका विरोध कर रही है। इससे पहले अजित पवार के निधन के बाद पार्थ को मां सुनेत्रा पवार के स्थान पर राज्यसभा भेजने की बात कही जा रही थी। लेकिन पार्थ पवार पर एक जमीन घोटाले के आरोप होने से भाजपा इसका विरोध कर रही है। विदित हो कि पुणे के पॉश मुंधवा इलाके में 300 करोड़ रुपये में 40 एकड़ जमीन की बिक्री के सौदे ने राजनीतिक हलचल मचा दी है। यह जमीन अमाडिया एंटरप्राइजेज नामक कंपनी को बेची गई थी, जिसमें उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार भागीदार हैं। विवाद इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि यह जमीन सरकारी बताई जा रही है और इस सौदे में आवश्यक स्टांप ड्यूटी भी माफ कर दी गई थी। इसके अलावा, विपक्षी दलों का आरोप है कि संबंधित जमीन की वास्तविक कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपये थी। कहा गया कि जब अजित पवार उप मुख्यमंत्री थे तो उनके बेटे पार्थ पवार को 1800 करोड़ की सरकारी जमीन 300 करोड़ में दे दी गई थी। जहां तक पार्थ पवार का सवाल है तो पार्थ पवार इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में मावलं सीट से मैदान में उतरे थे, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद पार्टी के भीतर उनकी सक्रियता और पारिवारिक राजनीतिक पहचान को देखते हुए उन्हें राज्यसभा भेजकर बड़ा मंच देने की चर्चाएं लंबे समय से चल रही थीं। अब सुनेत्रा के सक्रिय राजनीति में आने के बाद ये अटकलें और तेज हो गई हैं। लेकिन भाजपा उनके नाम पर तैयार नहीं है।



नफीस जाफरी

## अवैध शस्त्र सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी




लहरपुर आलोक प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त शादाब पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला शेखटोला कस्बा व थाना लहरपुर को गिरतार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना लहरपुर पर मु0अ0सं0 38/26 धारा 25(1–बी) आर्म एक्ट पंजी.त करते हुए अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है।

# आम बजट 2026-27-भारत ने बांग्लादेश की फ़ंडिंग में चलाई कैंची



गुलफिशा खान

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीती एक फरवरी को संसद में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया। नई रोजगार गारंटी योजना विकसित भारत–जी राम जी या वीबी–जी राम जी के लिए 95692 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की जगह आई है। पिछले साल मनरेगा को 86,000 करोड़ रुपये का बजट मिला था। यानी इसबार ग्रामीम रोजगार के लिए सरकार ने अपने बजट को 11.27 प्रतिशत बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत काम की मांग में बड़ी गिरावट को देखते हुए विकसित भारत– गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून लागू किया है। संक्षेप में इसे वीबी–जी राम जी कानून कहा जाता है जो पिछली योजना का एक व्यापक वैधानिक संशोधन है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा 2005 में लागू हुआ था और इसने मजदूरी आधारित रोजगार प्रदान किया, ग्रामीण आय को स्थिरता दी और बुनियादी ढांचा तैयार किया। वित्त वर्ष 2025–26 की आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि समय के साथ ग्रामीण रोजगार की आवश्यकताओं का स्वरूप बदल गया। इसकी वजह से मनरेगा की उपलब्धियों और इसके स्वरूप एवं उद्देश्यों के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता आन पड़ी। सरकार के अनुसार मनरेगा में बड़े बदलाव के बाद वीबी–जी राम जीयोजना को लाया गया है। यह मनरेगा की संरचनात्मक कमियों को दूर करते हुए रोजगार, पारदर्शिता, योजना और जवाबदेही को मजबूत करता है। वीबी–जी राम जी योजना के तहत रोजगार की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। श्रमिकों को शारीरिक श्रम करना अनिवार्य है, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाती है, और 370 रुपए की मजदूरी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है। तो वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश से जारी तनाव की बीच केंद्र सरकार ने उसकी फंडिंग में भारी कटौती कर दी है। 2025–26 की तुलना में 2026–27 की फंडिंग लगभग आधी कर दी गई है। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव्स की फंडिंग में थोड़ी कैंची चलाई गई है। इसके



उलट, अफगानिस्तान को मिलने वाली फंडिंग बढ़ा दी गई है। जबकि, सरकार ने 2026–27 में विदेशों की मदद के लिए पैसा पहले से काफी बढ़ाया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते रविवार को जो बजट पेश किया, उसमें विदेश मंत्रालय के लिए कुल 22,119 करोड़ रुपये रखे गए हैं। 2025–26 की तुलना में ये लगभग 8 फीसदी ज्यादा है। विदेश मंत्रालय को जो 22,119 करोड़ रुपये मिले हैं, उसी में से 5,686 करोड़ रुपये से विदेशों की मदद की जाएगी। पाकिस्तान को छोड़कर भारत अपने सभी पड़ोसियों की मदद करता है। इसके लिए हर साल भारत हजारों करोड़ रुपये खर्च करता है। इन पैसों की मदद से वो देश अपने यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करते हैं। बजट दस्तावेज के मुताबिक, 2024–25 में सरकार ने विदेशी मदद पर लगभग 5,973 करोड़ रुपये खर्च किए थे। 2025–26 के बजट में सरकार ने पहले 5,483 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान लगाया था लेकिन ये बढ़कर 5,785 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया। 2026–27 के बजट में विदेशी मदद के लिए 5,685.56 करोड़ रुपये विदेशी मदद पर खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। भारत अपने पड़ोसियों के अलावा अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों की भी मदद करता है। सबसे बड़ा झटका बांग्लादेश को लगा है। 2025–26 में सरकार ने बजट में बांग्लादेश के लिए 120 करोड़ रुपये रखे थे। लेकिन संशोधित अनुमान के मुताबिक, इस साल सरकार सिर्फ 34.48 करोड़ रुपये की ही मदद कर पाई है। 2026–27 में भारत ने बांग्लादेश के लिए 60 करोड़ रुपये का बजट रखा है. इस हिसाब से बांग्लादेश की फंडिंग आधी हो गई है। मालदीव्स की फंडिंग में भी कटौती की गई है। 2025–26 में मालदीव्स के लिए 600 करोड़ रुपये थे, जो 2026–27 में घटकर 550 करोड़ रुपये हो गए हैं। म्यांमार की फंडिंग भी 50 करोड़ कम कर 300 करोड़ कर दी गई है। इसके उलट अफगानिस्तान और भूटान की फंडिंग बढ़ाई गई है। भारत सबसे ज्यादा मदद भूटान को ही देता है। 2025–26 में सरकार ने भूटान की मदद के लिए 2,150 करोड़ रुपये रखे थे। 2026–27 में इसे बढ़ाकर 2,288.56 करोड़ रुपये कर दिया गया है। अफगानिस्तान की मदद भी 100 करोड़ से बढ़ाकर 150 करोड़ रुपये कर दी गई है। हैरानी वाली बात ये है कि 2026–27 के बजट में चाबहार पोर्ट के लिए कोई फंड नहीं रखा गया है। सरकार ने ये फैसला अमेरिकी प्रतिबंधों और डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को मिल रही धमकियों के बीच लिया है। 2025–26 में सरकार ने चाबहार पोर्ट के लिए 100 करोड़ रुपये का फंड रखा था। हालांकि, संशोधित अनुमान में ये बढ़कर 400 करोड़ रुपये हो गया है। लेकिन 2026–27 के बजट में तो इसके लिए कोई फंड नहीं रखा गया है। चाबहार पोर्ट को भारत और ईरान मिलकर बना रहे हैं, ताकि कनेक्टिविटी और कारोबारी संबंधों को मजबूत किया जा सके। इसके तहत 7,200 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर बन रहा है, जिसका मकसद भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, सेंट्रल एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई को आसान बनाना है। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर नए प्रतिबंधों का ऐलान किया था। साथ ही भारत को चाबहार पोर्ट से बाहर निकलने के लिए 6 महीने का वक्त दिया था।

# तेल के खेल में अमेरिका ने बदली अपनी रणनीति



शबाब हुसैन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों कहा कि भारत ईरान से तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। ट्रंप ने वाशिंगटन डी.सी. से लोरिडा के रास्ते में अपने आधिकारिक प्लेन एयर फोर्स वन पर रिपोर्टरों से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हम पहले ही वह डील कर चुके हैं। कॉन्सेप्ट ऑफ डील हो चुकी है। कॉन्सेप्ट ऑफ डील का मतलब है कि डील को अंतिम रूप देने से पहले दोनों पार्टियों के बीच डील के मूलभूत ढांचे, उसकी समझ या प्रारंभिक समझौता होना। भारत की तरफ से अभी इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। ट्रंप ने कहा यह भी कहा है कि वेनेजुएला से तेल खरीदने के लिए चीन चाहे तो अमेरिका के साथ डील कर सकता है और उसका भी स्वागत है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप ने एयर फोर्स वन में प्रेस से कहा कि हमने पहले ही उस डील का कॉन्सेप्ट बना लिया है, यानी भारत वेनेजुएला से क्रूड खरीद फिर शुरू करेगा ताकि रूस से आयात का कुछ हिस्सा बदला जा सके। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीद कम करने का दबाव बढ़ाया है और इससे पहले वेनेजुएला तेल खरीदने वाले देशों पर 25 प्रतिशत टैरिफ भी लगाया गया था। रिपोर्ट यह भी कहती है कि भारत ने पिछले साल वेनेजुएला से खरीद रोक दी थी, लेकिन अब अमेरिका संकेत दे रहा है कि भारत को फिर से खरीद की अनुमति मिल सकती है ताकि वह पूरी दुनिया के लिए रूसी तेल का विकल्प बने और भारत पर आया ट्रंप का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि यह तेल का एक बड़ा आयातक देश है। खबर में दो और महत्वपूर्ण तथ्य हैं. भारत ने 2019 में ईरान से तेल खरीद अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण बंद कर दी थी, और उसके बाद भारतीय रिफाइनरों ने अमेरिकी तेल की ओर रुख किया, फिर यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से डिस्काउंटेड समुद्री तेल का बड़ा खरीदार बना। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन को वेनेजुएला तेल पर डील करने के लिए स्वागत है– यानी अमेरिका वेनेजुएला को वैश्विक बाजार में फिर सक्रिय देखना चाहता है। यह सब मिलकर बताता है कि मामला केवल भारत–वेनेजुएला व्यापार नहीं, बल्कि अमेरिका–रूस–चीन–भारत के बीच चल रहे ऊर्जा–भू– राजनीतिक खेल का हिस्सा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। 2022 के बाद से भारत ने रूस से तेल खरीद तेज की क्योंकि पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण रूसी क्रूड भारी डिस्काउंट पर उपलब्ध था। नतीजा यह हुआ कि कुछ महीनों में रूस भारत का सबसे बड़ा सप्लायर बन गया। दरअसल, वेनेजुएला के तेल कारोबार पर सख्त अमेरिकी प्रतिबंध लगने से पहले तक भारत वेनेजुएला के कच्चे तेल का बड़ा आयातक था। भारत तब वेनेजुएला से हर रोज चार लाख बैरल तक कच्चे तेल का आयात करता था। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिनके पास वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल को रिफाइन करने की तकनीकी और क्षमता मौजूद है। हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर बढ़ते टैरिफ के मद्देनजर भारत ने साल 2020 में वेनेजुएला से तेल आयात कम करना शुरू कर दिया था और 2024 के दौरान वहां से अपने आयात का केवल 1प्रतिशत – 1.5 प्रतिशत तक क्रूड ही लिया था। 2025 में जब ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने और उन्होंने वेनेजुएला से तेल खरीदने पर अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की तो भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदना लगभग शून्य कर दिया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने पिछले साल नवंबर 2025 तक कुल तेल इंपोर्ट का 0.3 फीसद हिस्सा ही वेनेजुएला से इंपोर्ट किया था। अब ट्रंप के ताज़ा बयान से संकेत मिलता है कि यह चैनल फिर खुल सकता है– ताकि रूस पर निर्भरता कम हो और वेनेजुएला की सप्लाई को बाजार मिले। यहां समझने की बात यह है कि अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध नहीं लगाए, बल्कि टैरिफ का व्यापारिक हथियार इस्तेमाल किया– ताकि भारत अपने आयात का स्रोत बदले। इस रणनीति का दोहरा लक्ष्य भी है– इससे रूस की तेल से होने वाली कमाई को सीमित करना जहां एक लक्ष्य है, वहीं दूसरा वेनेजुएला की वैश्विक तेल बाजार में वापसी जिससे अमेरिकी कंपनियों को बड़ा मुनाफा हो सके। वहीं एक्सपर्ट कहते हैं कि इसका भारत को भी दोहरा फायदा मिल सकता है– पहला, भारत के पास वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल को रिफाइन करने का



इंफ्रास्ट्रक्चर है। लिहाजा भारत को इसका दीर्घकालिक फायदा मिल सकता है। दूसरा, चूंकि अब ट्रंप प्रशासन ये संकेत दे रहा है कि यदि भारत रूसी तेल खरीद घटाता है, तो उस पर लगे अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ हटाए जा सकते हैं। तो भारत को इसका फायदा भी होगा। वैसे वेनेजुएला फिलहाल बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में सक्षम नहीं है। लेकिन अमेरिकी कंपनियों के कमान संभालने की स्थिति में उत्पादन बड़े पैमाने पर करना उसके लिए आसान होगा। इसके बाद भी चूंकि भारत से वेनेजुएला की दूरी रूस और मध्य–पूर्व की तुलना में अधिक है तो लॉजिस्टिक्स का खर्च बढ़ेगा। अब भू–राजनीतिक कारणों से भारत भले ही वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू कर दे पर वो रूस से तेल की खरीद बंद नहीं करेगा। खासकर तब जब डिस्काउंट बना रहता है। इसलिए वनेजुएला की वापसी का मतलब ये नहीं है कि भारत जितना तेल रूस से खरीदता है वो अब वेनेजुएला से खरीदने लगेगा। ट्रंप ने प्रेस से जो बात की उसमें उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में भारत ने प्रतिबंधों के कारण ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया था और अमेरिका से तेल खरीदने लगा था। हालांकि तब यह भी कारण था कि ईरान में अमेरिकी प्रतिबंध, वेनेजुएला में राजनीतिक संकट, लीबिया और इराक में अस्थिरता की वजह से भारत को अपने प्रतिदिन की मांग की पूर्ति के लिए अमेरिका का रुख करना पड़ा था। पर भारत ने अपना एनर्जी बास्केट पूरी तरह से बदला नहीं, बल्कि उसमें संतुलन बनाए रखा है. यही अब भी होगा. भारत रूस से तेल आयात बंद नहीं करेगा पर एनर्जी बास्केट में फिर संतुलन लाएगा। भारत हमेशा अपनी लागत, सुरक्षा प्राथमिकताओं और ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लेगा। यहां एक बात और भी अहम है कि अमेरिका ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का विकल्प दिया है, जबकि तब ईरान पर प्रतिबंध लगाए गए थे। एक्सपर्ट्स के नजरिए में यह जियोपॉलिटिकल वजहों से अमेरिका का अपनी रणनीति में शिट भी है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का भंडार है। वेनेजुएला का तेल भंडार करीब 300 अरब बैरल का है, लेकिन वर्षों की राजनीतिक–आर्थिक अस्थिरता और प्रतिबंधों के कारण उसका उत्पादन ढांचा कमजोर रहा है। अमेरिका अब वेनेजुएला पर कुछ प्रतिबंध ढीले कर रहा है ताकि उत्पादन और निर्यात बढ़े– और बाजार में रूसी बैरल की जगह ले सके। इसके अलावा यह बता दें कि भारत का तेल आयात बिल सालाना सैकड़ों अरब डॉलर का होता है। यदि वेनेजुएला से डिस्काउंटेड भारी क्रूड मिलता है और रिफाइनर उसे कुशलता से प्रोसेस कर लेते हैं, तो औसत खरीद लागत थोड़ी घट सकती है। लेकिन वेनेजुएला का हिस्सा शुरू में सीमित होगा, इसलिए कुल आयात बिल पर तुरंत इसका बड़ा असर नहीं दिखेगा– इसमें धीरे–धीरे सुधार आएगा। कच्चे तेल की लागत में कमी का असर पेट्रोल–डीजल खुदरा कीमतों पर सीधे और तुरंत नहीं पड़ता, क्योंकि भारत में टैक्स संरचना और सरकारी नीति बड़ी भूमिका निभाती है। फिर भी, यदि रिफाइनिंग मार्जिन सुधरते हैं और अंतरराष्ट्रीय कीमतें स्थिर रहती हैं, तो मुद्रास्फीति दबाव को सीमित रखने में मदद मिल सकती है– खासकर ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स लागत के जरिए। कुल मिलाकर भारत के लिए यह कदम ऊर्जा सुरक्षा, लागत और कूटनीतिक संतुलन के नजरिए से जहां अहम, वहीं तुरंत आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं होगी। इसे फिलहाल जियो–पॉलिटिक्स में संतुलन साधने की कवायद के तौर पर देखा जा सकता है जिसके दीर्घकालिक फायदे होंगे।

# क्या ट्रम्प विश्व युद्ध के भयंकर परिणामों से परिचित हैं?

मोहन लाल

ट्रम्प की 'बाडी–लैंग्वेज' से तो नहीं लगता कि उन्हें युद्ध के भयानक परिणामों का ज्ञान हो। यह तो ठीक है कि अमरीका की 'राजनीतिक– दादागिरी' सब देशों पर भारी है लेकिन विश्व के राजनेता उन देशों की लिस्ट तो निकाल कर पढ़ें जिन्हें अमरीका की दादागिरी ने तबाह कर दिया। अमरीका की विस्तारवादी राजनीति आज दुनिया को तृतीय विश्व युद्ध की ओर धकेल रही है। वेनेजुएला, जो एक 'प्रभुसत्ता–सम्पन्न' राष्ट्र है, उसके राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी को हाथों–पैरों में बेडियां डाल कर अमरीका की खतरनाक जेल में बंद कर देना, एक घृणित दादागिरी है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ इसलिए लगाया कि भारत अपनी तेल आपूर्ति के लिए, रूस से पैट्रोल–डीजल खरीद रहा है। एक अन्य देश 'ग्रीनलैंड' पर इसलिए अमरीका अपना कब्जा जमाना चाहता है क्योंकि 'ग्रीनलैंड' की सीमा अमरीका से लगती है। तेल की खातिर ईरान में आग लगा रखी है। आज तक 2500 लोग ईरान के इन दंगों में अपनी जान गंवा चुके हैं। अमरीका ईरान में उपद्रवियों की पीठ थपथपा रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प का ताली बजाना, दोनों मुट्ठियों को बंद कर हवा में लहराना यही इंगित करता है कि आज दुनिया में कोई अमरीका का मुकाबला नहीं कर सकता। अमरीका थानेदार है और दुनिया को उसका हुक्म मानना ही होगा। जो नहीं मानेगा, उस देश का हाल 'वेनेजुएला' जैसा होगा। अमरीका ने अपनी तेल की भूख मिटाने के लिए रूस–यूक्रेन युद्ध में घी डाल रखा है। दुनिया सुन रही है कि ट्रम्प 'रूस–यूक्रेन' युद्ध को समाप्त करने के लिए 'मध्यस्थ' की भूमिका निभा रहे हैं लेकिन ट्रम्प 'रूस–यूक्रेन' युद्ध को समाप्त क्यों करवाएंगे? ट्रम्प भारत के विरुद्ध बंगलादेश और पाकिस्तान की पीठ थपथपा रहे हैं। पाकिस्तान के 'फील्ड–मार्शल' मुनीर को राष्ट्रपति भवन में रात्रि भोज दे रहे हैं। तीनों देशों–भारत बंगलादेश और पाकिस्तान को एक–दूसरे से लड़ाने की योजना बना रहे हैं। यहीं बस नहीं, अमरीका ने झूठे आरोप लगा कर कि ईराक ने 'रासायनिक–औजार' छिपा रखे हैं, ईराक के लोकप्रिय नेता निरपराध सद्दाम हुसैन को फांसी पर लटका दिया था। लिबिया के तानाशाह कर्नल गद्दाफी को सन्देहास्पद परिस्थितियों में मार दिया गया। अमरीका ने सोमालिया, सीरिया, फिलिस्तीन में 'गाजा–पट्टी' क्षेत्र को कब्रगाह बना दिया। इसराईल और हिजबुल्ला से सन्धि ही नहीं होने दी। पाठकवृंद, क्या आप जानते हैं कि 2025–26 में अमरीका का 'रक्षा–बजट' 895 अरब डालर है जिसके बल पर अमरीका 'मेमने' की तरह कभी भी किसी भी देश को झूठे इल्जाम लगा कर हड़प सकता है? अमरीका ने वियतनाम से लड़ाई लड़ी, अफगानिस्तान में वर्षों तालिबानों से युद्ध किया परन्तु दोनों देशों में उसकी शर्मनाक हार हुई। शायद अमरीका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध के परिणाम नहीं जानते होंगे। उन्होंने किसी युद्ध का सामना किया होता तो यकीनन संभावित 'तृतीय विश्व युद्ध' से तौबा कर लेते। युद्ध तो स्वयं एक समस्या है, वह समस्याओं को कैसे हल करेगा। युद्ध अपने पीछे तबाही के मंजर छोड़ जाता है। नौजवान सैनिक युद्ध में मारे जाते हैं। पीछे रह जाती हैं उनकी बेसहारा विधवाएं, बूढ़े, निरीह प्राणी और बिलखते बच्चे। विश्व युद्धों के बाद भयानक परिणाम होते हैं, जैसे बड़े पैमाने पर जन हानि, शारीरिक–क्षति, अर्थ–व्यवस्था का पतन, राजनीतिक उथल–पुथल, सामाजिक बदलाव, महिलाओं का हृदय–विदारक रूदन–क्रंदन, बच्चों की चीखो–पुकार, शरणार्थियों को बसाने की समस्या। साम्राज्य टूट जाते हैं, जैसे आटोमन और ऑस्ट्रो–हंगेरियन लापता हो गए, नए देश बनने लगते हैं, सीमाएं बदल जाती हैं जैसे पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया की सरहदें बदल गईं। लोकतन्त्र एकात्मक शासन प्रणालियों में बदल गए। मनुष्य जिस स्थान पर नौकरी करता था अब उसकी विधवा काम कर रही है। युद्धों के बाद कई नए राजनीतिक विवाद पैदा हो जाते हैं। नए–नए युद्ध विस्फोटक तैयार किए जाने लगे। परमाणु बम इसी विश्व युद्ध का परिणाम था। हिरोशिमा और नागासाकी (जापान) अमरीकी परमाणु बम से तबाह हो गए। जापान ने आत्म–समर्पण कर दिया। विश्व युद्ध समाज को गहराई तक तोड़ देते हैं। मनुष्य आत्मिक तौर पर दुनिया में अमन–चौन चाहता है। युद्ध मनुष्य में पाश्विक–वृत्तियों को जन्म देते हैं। इसलिए विश्व युद्ध जितना हो सके, टलते रहना चाहिए। महाभारत के युद्ध के पश्चात धर्मराज युधिष्ठिर को इतनी ग्लानि हुई कि उन्हें राजसत्ता से ही वितृष्णा हो गई। ट्रम्प को विश्व राजनेता समझाएं कि युद्ध टलता ही रहे तो ठीक, अन्यथा मानवता खतरे में पड़ जाएगी।

# तंबौर के कलनापुर बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुआ हिंदू सम्मेलन

न्यूज वाणी ब्यूरो






तंबौर, सीतापुर। क्षेत्र के कलनापुर स्थित बालाजी मन्दिर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल तथा हिंदू संगठनों के आवाहन पर मंगलवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। बड़े पांडाल में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि हनुमान गढ़ी अयोध्या के महाराज महन्त राजू दास ने लोगों को हिंदू एकता के लिए तन मन व धन से जुटने का आवाहन किया। सम्मेलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रमुख गंगा सिंह ने भी सम्बोधित किया। सम्मेलन में पार्वती पतये हर हर महादेव, जयश्री राम सहित भारत माता के जयकारे गूँजे। इस सम्मेलन की सफलता के लिए कई हतों से तैयारी के साथ ही भूमि पूजन भी किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद व पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, आदित्य प्रकाश उर्फ लल्ला सिंह, जयकुमार वर्मा, राजकिशोर कनौजिया, रामजीवन जायसवाल, दीपक द्विवेदी संतोष वर्मा, अनूप चौधरी, अजय पटेल मण्डल अध्यक्ष अमित सिंह, दिनेश शुक्ला, सन्तोष मिश्रा महिलाओं सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# दस साल के मासूम ने जान जोखिम में डालकर तालाब से बचाया बछड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

भोगांव। तहसील क्षेत्र के ग्राम सुलखनपुर में एक दस वर्षीय बालक ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दलदल भरे तालाब में घुसकर एक बछड़े की जान बचाई। बालक के इस अदम्य साहस की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और ग्रामीणों ने उसे सिर आंखों पर बिठा लिया है। सुलखनपुर स्थित पुराने तालाब में बड़ी–बड़ी घास और दलदल होने के कारण अक्सर छुट्टा जानवर इसमें फंस जाते हैं। करीब 24 घंटे पहले एक बेसहारा बछड़ा घास चरते समय तालाब में गिर गया और गहरे दलदल में फंस गया। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई, तो मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। तालाब की खतरनाक स्थिति और गहराई को देखते हुए कोई भी वयस्क उसमें उतरने को तैयार नहीं हुआ। बछड़े को तड़पता देख गांव के ही 10 वर्षीय बालक सुमित का दिल पसीज गया। जब बड़े हिचकिचा रहे थे, तब मासूम सुमित ने हिम्मत दिखाई और रस्सी लेकर खुद तालाब में उतर गया। उसने कड़ी मशक्कत के बाद बछड़े के गले में सुरक्षित तरीके से रस्सी बांधी और बाहर खड़े ग्रामीणों को खींचने का इशारा किया। ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे बछड़े को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने दी बधाई बछड़े की जान बचते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर सुमित का उत्साह बढ़ाया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब में पहले भी कई जानवर फंसकर दम तोड़ चुके हैं, लेकिन सुमित की तत्परता से आज एक जान बच गई। ग्रामीणों ने सुमित की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए उसे आशीर्वाद और बधाई दी।

## तहसील प्रशासन के पट्टों के निरस्तीकरण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित

न्यूज वाणी ब्यूरो

भोगांव। छाछा में लगातार तहसील प्रशाशन द्वारा किए जा रहे निरस्तीकरण को लेकर ग्रामीण में आक्रोश को लेकर तहसीलदार से मुलाकात की। ग्रामीणों ने तहसीलदार से निरस्तीकरण की जांच रिपोर्ट एवं निरस्तीकरण आदेश की नकल दिलाए जाने को कहा है। किसानों ने न्याय नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री के दरबार में जाकर शिकायत करने की धमकी दी है। मंगलवार को किसान नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लगभग 50 से अधिक किसानों ने तहसीलदार गौरव कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने तहसीलदार से एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, चकबंदी अधिकारी एवं एक अन्य अधिकारी की टीम द्वारा लगभग डेढ़ साल पहले की गई जांच की नकल, जाँच रिपोर्ट पर जिलाधिकारी द्वारा लिये गये निर्णय की प्रमाणित नकल और पट्टों को निरस्त करने के एसडीएम संध्या शर्मा के आदेशों की नकल तत्काल दिलाए जाने की मांग की। किसान नेताओं ने उनके लगभग एक सैकड़ा पट्टों के निरस्तीकरण के आदेश को तत्काल रोके जाने ओर लेखपाल कानूनगो को कब्जा हटवाए जाने की प्रक्रिया को शुरू नहीं करने की मांग की है। इस मौके पर संकित कुमार, वीरेंद्र सिंह, शिवम कुमार, नरेश, मालिखान, कुलदीप, घनश्याम, रामधन, रामदास, सोनेलाल, बाबूराम आदि लोग मौजूद रहे। इस संबंध में तहसीलदार गौरव कुमार ने बताया कि किसान पट्टों के निरस्तीकरण के आदेश की नकल मांग रहे हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी के नकल जारी करने बाले लिपिक को नकल सवाल लेकर नियमानुसार नकल जारी करने के निर्देश दे दिए है।

# घंटाघर के पास रेडिमेड कपड़ों की दुकान में लगी भीषण आग

न्यूज वाणी ब्यूरो

भोगांव। स्थानीय घंटाघर के समीप सोमवार सुबह एक रेडिमेड कपड़ों की दुकान में इन्वर्टर की बैटरी फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में दुकान में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। स्थानीय दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10 बजे बाजार के अन्य दुकानदारों ने दुकान मालिक शादाब को सूचना दी कि उनकी दुकान से ध ुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही शादाब मौके पर पहुंचे और जैसे ही दुकान का शटर खोला, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान के अंदर रखा रेडिमेड कपड़ों का स्टॉक धू–धू कर जलने लगा।आग की लपटें देख आसपास के दुकानदार और राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पीड़ित दुकानदार शादाब के मुताबिक इन्वर्टर की बैटरी फटने के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि आगजनी में लगभग 5 लाख रुपये के कपड़े और अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम सक्रिय हो गई। लेखपाल राहुल कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आकलन किया। तहसीलदार गौरव कुमार ने बताया किष्हमें घटना की जानकारी मिली है। लेखपाल को मौके पर भेजकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आध ार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने जनपद स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की ली बैठक

**- प्रथम चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक मकानों की गणना एवं सूचीकरण कार्य चलेगा**

**- द्वितीय चरण 1 फरवरी 2027 से फरवरी अंत 2027 तक में होगी जनसंख्या की गणना**

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के संबंध में जनपद स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जनपद स्तरीय जनगणना समन्वय समिति में जिलाधिकारी प्रमुख अधिकारी जनगणना पदनाम से जाने जाएंगे। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी जिला जनगणना अधिकारी के रूप में जाने जाएंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अपर जिला जनगणना अधिकारी पदनाम से जाने जाएंगे। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार समस्त तहसीलदार भार साधन अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी अपर भार साधन अधि ाकारी, समस्त निरीक्षक (प्रत्येक तहसील से कोई एक) सहायक भार साधन अधिकारी पदनाम से जान जाएंगे। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका परिषदध समस्त नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भार साधन अधिकारी तथा कर अध ाीक्षक/सफाई निरीक्षक (प्रत्येक नगर पालिका परिषद से एक सहायक भार साधन अधिकारी) के पदनाम से चिन्हित किए जाएंगे। बैठक के दौरान जिलाधि ाकारी बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान अलग–अलग प्रदेशों में एक महीने के अंदर मकान की गणना एवं सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से प्रारंभ होकर पूरे फरवरी माह 2027 तक चलेगा। इस दौरान जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के लिए दो मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं जो अलग–अलग तहसीलों, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के फील्ड ट्रेनर को प्रशिक्षित करेंगे। जनपद में प्रथम एवं द्वितीय चरण की गणना हेतु कुल 76 फील्ड ट्रेनर तैनात किए जाएंगे जिसमें नगर पालिका परिषद में 10, तहसील मधुबन में 10, अन्य तहसीलों में 12 तथा प्रत्येक नगर पंचायत क्षेत्र में दो फील्ड ट्रेनर होंगे। उन्होंने समस्त तहसीलदार, अधिशासी अधिकारियों को उनके लिए निर्धारित संख्या के अनुसार योग्य, कर्मठशील फील्ड ट्रेनरों की सूची यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनपद हेतु तैनात मास्टर ट्रेनर्स 38– 38 फील्ड ट्रेनर के ग्रुप को प्रशिक्षित करेंगे। ये फील्ड ट्रेनर्स सुपरवाइजर्स एवं प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधि ाकारियों को यथाशीघ्र सुपरवाइजर्स एवं प्रगणकों की भी सूची उपलब्ध ा कराने के निर्देश दिए। एक प्रगणक के हिस्से औसतन डेढ़ सौ मकानो की सूचीकरण करने के साथ ही द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की कार्रवाई पूर्ण की जाएगी। इस पूरी जनगणना प्रक्रिया में मकान सबसे छोटी इकाई है। इसके उपरांत ब्लॉक एवं वार्ड होंगे। नगरीय क्षेत्र में ब्लॉक निर्धारण के दौरान उन्होंने रोड को आधार बनाने को कहा। साथ ही यह भी विशेष ध्यान देने की निर्देश दिए कि कोई भी मकान गणना के दौरान न छूटे तथा किसी भी मकान की दो बार गणना ना हो। उन्होंने जनगणना 2027 कार्य से जुड़े समस्त संबंधि ात अधिकारियों को जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने को भी कहा, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी श्री सत्यप्रीत सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुशील कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, अपर पंचायत राज अधिकारी, समस्त तहसीलदार एवं अधिशासी अधि ाकारी उपस्थित रहे।

# डॉ0 अशोक पाडेय गुलशन को श्री हुलसी सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। गोस्वामी तुलसीदास के ननिहाल दहौरा में माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में सनातन धर्म परिषद के संस्थापक डॉ0 स्वामी भगवदाचार्य ने डॉ0 अशोक गुलशन को श्री हुलसी सम्मान से सम्मानित किया। बलरामपुर के पिपरा एकडंगा गाँव में 25 जून 1963 में जन्मे और प्राथमिक विद्यालय अल्लीपुर बुजुर्ग तथा कटरा में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात डॉ0 गुलशन गोण्डा और इलाहाबाद विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी के रूप में नियुक्त होकर 2 वर्ष पूर्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधि ाकारी के पद से सेवानिवृत्त होकर चिकित्सा, साहित्य तथा समाज सेवा में निरन्तर संलग्नरत हैं। साहित्य सेवा हेतु उन्हें अब तक विभिन्न देशों की संस्थाओं से 833 तथा चिकित्सा एवं



समाजसेवा हेतु 1852 सम्मान, पुरस्कार, उपाधियाँ प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। 26 प्रकाशित पुस्तकों के रचयिता डॉ0 गुलशन द्वारा 10 प्रकार के 57 वर्ल्ड रिकार्ड बनाए जा चुके हैं जिसे लिम्का बुक, वर्ल्ड बुक आदि में सम्मिलित किया गया है। 11 संकलनों के संपादक डॉ0 गुलशन की रचनाधर्मिता एवं उनके साहित्य में योगदान पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा एम0फिल0 हुई है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पीएचडी के शोध ग्रन्थ में उनकी छोटी बहर की गजल सम्मिलित की गई है। एन0सी0सी0, स्काउट, रोवर रेंजर फोर्स तथा एन0एस0एस0 में सक्रिय रूप से प्रतिभागी रहे डॉ0 गुलशन इंडोनेशिया, थाईलैंड, भूटान तथा काठमांडू के साहित्यिक समारोहों में प्रतिभाग कर चुके हैं और साहित्य के क्षेत्र में उन्हें 42 देशों की संस्थाओं से सम्मानित किया जा चुका है जिनमें 19 देशों से 28 ऑनरेरी डॉक्टरेट एवं 4 डी0लिट0, 5 देशों से 9 अंतरराष्ट्रीय सम्मान, 7 राज्यों से 13 राष्ट्रीय सम्मान, 12 देशों से 30 डिप्लोमा, इंडोनेशिया से बैचलर ऑफ साइंस, मास्टर ऑफ साइंस, यमन से डिग्री ऑफ कल्चरल डिप्लोमेसी, 13 देशों से 113 उपाधि ायाँ, 418 सम्मान, पुरस्कार तथा 215 प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं।

# 69 वीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में सोनाली ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। बेसिक शिक्षा परिषद के नौनिहाल छोटे छोटे बच्चे आज पूरे भारत में अपना नाम रोशन किए हुए उसी क्रम में जनपद की एक मासूम होनहार 14 वर्षीय बालिका ने राष्ट्रीय विद्यालयीय प्रतियोगिता में में अपने ब्लॉक खैराबाद जनपद का नाम एक बार फिर से रोशन कर के जनपद का गौरव बढ़ाया। ज्ञात हो कि विगत दिनों 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय योगासन प्रतियोगिता अंडर 14 ट्रेडिशनल इवेंट दीघा पश्चिम बंगाल में आयोजित हुई प्रतियोगिता में खैराबाद ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर में पढ़ने वाली कक्षा 8 की छात्रा सोनाली ने नेशनल प्लेयर के रूप में लगातार दूसरी बार अपना उत्.ष्ट प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के दीघा में आयोजित अंडर 14 में ट्रेडिशनल इवेंट में पूरे देश के बच्चों के साथ छात्रा सोनाली ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया जिसमें उसे बड़ी सफलता प्राप्त हुई। साथ ही उनकी शिक्षिका नीलम कुमारी ने पूरे मनोबल के साथ उसके साथ लगी रहीं और पश्चिम बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में पूरा साथ भी दिया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद वापस आने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी खैराबाद संतोष कुमार मिश्र तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित भी किया और बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वचन देते हुए पुरस्.त भी किया तथा भविष्य में अच्छे ढंग से कार्य कैसे करे इसके लिए शिक्षिका नीलम कुमारी तथा जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा से विचार विमर्श भी किया। बधाई देने वालों में खंड शिक्षा अधि ाकारी खैराबाद, तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ अपूर्व दीक्षित, प्रांतीय प्रवक्ता मनीष पांडेय, जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ राम चंद्र शर्मा, महामंत्री रंग विजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध






यक्ष रवीन्द्र दीक्षित जिन्होंने मौके पर ही पुरस्कार स्वरूप नकद ध ानराशि बच्ची को दी इसके अलावा ब्लॉक खैराबाद अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल नरेश कुमार मिश्र मंत्री जहीर आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन सिद्दीकी, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, मंत्री अमित त्रिपाठी, खैराबाद ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विजय शंकर सिंह पूर्व अध्यक्ष सुशील गुप्ता मंत्री प्रदीप कुमार वर्मा, योगेन्द्र पांडेय, डॉक्टर अनुपम मिश्रा, जिला महिला उपाध्यक्ष वंदना दीक्षित, डॉक्टर मुसतफा अली तथा विद्यालय का स्टाफ आदि है।

# श्री भूमानंद स्मारक इंटर कालेज का मनाया 25 वां वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां विकास खंड के भाऊपुर स्थित श्री भूमानंद स्मारक इंटर कालेज का 25 वां




वार्षिकोत्सव मंगलवार को विद्यालय परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कल के बच्चो ने सुन्दर नाटय एवं सांस्.तिक कार्यक्रमो से सभी का मन मोह लिया वार्षिकोत्सव समारोह में प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार सिंह, अध्यक्षता कर रहे रामबाबू यादव व विद्यालय के शिक्षको ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिक उत्सव के इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने कला के माध्यम से सास्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, लोकगीत, बालिका गीत और विभिन्न नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल करने से विद्यार्थियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में सभी को समझाया। झांसी की रानी के रूप में रुही सिंह, गीत में सिमरन, आयुषी, अंश मौर्य, प्रांशी आदि ने बेहतरीन, मनोहारी प्रस्तुती से खूब तालियां बटोरी। अतिथियों ने शिक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान बताया। युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने हाईस्कूल में अव्वल आए विद्यार्थियों श्रद्धा, रवि कुमार, आशा एवं भूपेंद्र तिवारी ने इंटरमीएड परीक्षा में अव्वल आसना अवस्थी एवं राजकुमार व श्यामचंद्र को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षण मनोज सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक विवेक सिंह, ममलेश्वर पाण्डेय, अशोक द्विवेदी, गजेन्द्र सिंह, विजय शंकर, संदीप सिंह, आलोक यादव, विजय आदि रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत सौ दिवसीय विशेष कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा अमृत पब्लिक स्कूल नासोपुर में महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की समस्त टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें जनमानस को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो कि कानूनन अपराध है जिसमें 2 वर्ष का कठोर कारावास और 1 लाख तक का जुर्माना भरना का प्रावध ाान है। अगर आपके आसपास वाल विवाह हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बच्चों को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक अर्चना राय जेन्डर स्पेशलिस्ट तृप्ति राय, जेंडर स्पेशलिस्ट राखी राय, एम.टी.एस. शाहबाज अली, स्कूल की प्रिंसिपल सपना सिंह समस्त शिक्षक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुंशी, मौलवी, फारसी व अरबी की परीक्षाएं नौ से

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिंह प्रताप देव ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी, अरबी) परीक्षा वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाएं 09 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य जनपद के 07 परीक्षा केंद्रों पर 02 पालियों में प्रथम पाली प्रातः 08 से 11 व द्वितीय पाली 02 से 05 तक सम्पन्न होनी है। परीक्षा वर्ष 2026 हेतु जनपद के कुल 3112 परीक्षार्थियों जिसमें 1912 छात्र व 1200 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। मदरसा बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोई भी परीक्षार्थी, परीक्षा सम्पन्न होने वाले तिथि में से किसी भी तिथि की उपस्थिति, अनुपस्थिति को मदरसा पोर्टल में दी गयी व्यवस्थानुसार स्थिति ज्ञात किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रयास वेलफेयर सोसाइटी को जीवन रक्षक अवार्ड

**– अध्यक्ष जमाल अख्तर को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित**

न्यूज वाणी ब्यूरो




मऊ। शहनाई पैलेस गाजीपुर में जीवन रक्षक फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह में देशभर से आए स्वैच्छिक रक्तदाताओं, सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवियों को उनके उत्.ष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मऊ नाथ भंजन की सामाजिक संस्था प्रयास वेलफेयर सोसाइटी को रक्तदान एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था के अध्यक्ष जमाल अख्तर (नदीम) को मनोज सिन्हा उपराज्यपाल के पुत्र अभिनव सिन्हा एवं डॉ० डीपी सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मीडिया से बात करते हुए जमाल अख्तर (नदीम) ने कहा कि ये सम्मान प्रयास टीम को समर्पित है, यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि प्रयास वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े सभी स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के मानव सेवा करना है और आगे भी रक्तदान, सामाजिक जागरूकता एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए संस्था निरंतर प्रयास करती रहेगी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं, जिससे अधि ाक से अधिक लोग स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आते हैं। रक्तदान से न केवल आपातकाल में जरूरतमंदों की जान बचती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। एक यूनिट रक्तदान से ३तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है, इसलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है।

## निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण : एसडीएम ने की मतदाताओं की सुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

भोगांव। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) संध्या शर्मा ने मतदाताओं के दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया। तहसील सभागार में आयोजित इस जनसुनवाई में मोहल्ला मिर्धा (बूथ संख्या 238) के लगभग एक सैकड़ा मतदाताओं के प्रपत्रों की जांच की गई। सुनवाई के दौरान एसडीएम संध्या शर्मा ने मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए संलग्न कागजातों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मोहम्मद वसीम को निर्देशित किया कि मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुपरवाइजर इमरान, जावेद खान, आलोक शाक्य और कालीमुद्दीन मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान मतदाता अख्तर अली, रूबी, अब्दुल रशीद, आरिफ, राजू, मुन्ना, मोहम्मद अहमद, रफीक और रुवीणा सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वन प्रभाग में स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद प्रदेश में वन सम्पदा से आच्छादित मुख्य जनपदों में से एक है जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ–साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्रा.तवास है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून तक का समय अग्निकाल का है। उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनोंध्वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षाध्संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाये जाने एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधि.त प्रवेश पूर्णतया वर्जित है। डीएफओ ने बताया कि वनध वन्य जीव हमारे भविष्य है जिनकी सुरक्षा में ही हमारा एवं मानव जाति का भविष्य सन्निहित है। इसलिए हमें कि वनोध्वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा को परमधर्म से राष्ट्रधर्म मानते हुए वनों एवं उसमें प्रा.तवास करने वाले वन्य जीवों की प्रत्येक दशा में रक्षा करने का दृढ संकल्प लेना होगा। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रभाग स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 7839434875 पर वनाग्नि की सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व जन सामान्य वनाग्नि की सूचना प्रदेश मुख्यालय के हेल्पलाइन नम्बर–0522–2977310 पर भी दे सकते हैं।

# नीलगायों के आतंक से परेशान कृषक, गेहूं की फसल का हो रहा नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों नीलगायों के आतंक से किसान परेशान हैं यह पशु दिन में तो कम परंतु रात्रि में फसलों को चौपट करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। किसानों ने रात्रि गश्ती बढ़ा दी है क्योंकि किसान का सब कुछ उसकी खेती पर ही निर्भर करता है इस बार गेहूं की फसल अच्छी है परंतु इन पशुओं द्वारा गेहूं की फसल को चरागाह समझ कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिससे किसान आहत हैं। इन नीलगायों का पूरा झुंड एक साथ जिस खेत में चला जाता है उस भूमि के .षक की पूरी फसल चौपट हो जाती है इन पर कोई अंकुश नहीं है। यह निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को बर्बाद करने का काम कर रही है। इस फरवरी माह में कुछ खेतों में गन्ने के अतिरिक्त सर्वाधिक गेहूं लाही, सरसों खेतों में लगी हुई है। जिसे भारी नुकसान इन पशुओं द्वारा पहुंचाया जा रहा है।

# थाना प्रभारी की भूमिका कटघरे में, शिकायत के बावजूद कार्रवाई शून्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र में अवैध कब्जे के एक गंभीर मामले में अब सीधे थाना प्रभारी की भूमिका सवालों के घेरे में आ गई है। पीड़ित द्वारा लिखित शिकायत देने, वैध दस्तावेज होने और मामले के एसपी व जिलाधिकारी सहित शासन व प्रशासन के उच्च अधिकारियों तक शिकायत प्रार्थना पत्र पहुँचने के बावजूद थाना स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई न होना, पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर संदेह पैदा कर रहा है। पीड़ित अमिताभ शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण शर्मा निवासी रुपईडीहा ने आरोप लगाया है कि उनके पिता द्वारा वर्ष 1968 में विधिवत बैनामा से खरीदी गई भूमि पर विपक्षी राम किशुन भूंमाफिया व दबंग किस्म का व्यक्ति है जो जाली नोट के अवैध कारोबार में जेल भी जा चुका है, द्वारा जबरन कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। जब पीड़ित इस संबंध में थाना रुपईडीहा पहुँचा तो थाना प्रभारी के संज्ञान में मामला लाने के बावजूद न तो मौके की जांच कराई गई और न ही किसी प्रकार की निरोधात्मक कार्रवाई की गई। सबसे गंभीर आरोप यह है कि थाना स्तर पर अवैध कब्जा रोकने के बजाय पीड़ित को ही उसकी जमीन पर काम करने से रोका गया। सवाल उठ रहा है कि क्या यह निर्णय थाना प्रभारी के निर्देश पर लिया गया और यदि हाँ, तो किस आधार पर? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि थाना प्रभारी की निष्क्रियता ने दबंग तत्वों को खुली छूट दे दी है। यदि प्रारंभिक स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई होती, तो न मामला बढ़ता और न ही पीड़ित को जिला प्रशासन की चौखट तक जाना पड़ता। कानून के जानकारों का मानना है कि भूमि विवाद में शांति व्यवस्था बनाए रखना, मौके की जांच करना और किसी भी पक्ष को जबरन कार्रवाई से रोकना थाना प्रभारी की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे में कार्रवाई का अभाव सीधे तौर पर लापरवाही या पक्षपात की ओर इशारा करता है। अब क्षेत्र में यह मांग तेज हो गई है कि थाना प्रभारी की भूमिका की पुलिस अधीक्षक स्तर से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई और किसके संरक्षण में अवैध कब्जे का प्रयास चलता रहा। स्थानीय लोगों ने साफ कहा है कि यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी थाना प्रभारी रुपईडीहा पर तय की जानी चाहिए।

# 22 फरवरी को लेगा वृहद मेगा कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी को एक वृहद मेगा कैम्प आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं प्रभावी आयोजन हेतु जनपद के समस्त मीडिया बन्धुओं के साथ एक समन्वयात्मक बैठक आयोजित किया जाना आवश्यक है। आहवान किया कि 22 फरवरी को प्रस्तावित वृहद मेगा कैम्प के उद्देश्य, आयोजन, प्रचार–प्रसार एवं मीडिया समन्वय के सम्बन्ध में आवश्यक विचार–विमर्श किये जाने हेतु 04 फरवरी को प्रातः 11 बजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में आयोजित होने वाली बैठक में उपस्थित हों।

# दुर्गावती थाना परिसर में जब्त शराब का किया विनष्टीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। दुर्गावती थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए कल के 10 कांडों में जब्त कुल 1766.330 लीटर



अवैध शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एवं न्यायालय से प्राप्त आदेश के आलोक में की गई। विनष्टीकरण की प्रक्रिया थाना परिसर में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई, जिसमें पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बंद फैक्ट्री में चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

## - तीस हजार रूपए, चोरी का माल व मोबाइल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु दिये गये आदेशों, निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 03 फरवरी को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0 अ0स0–102/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण से सम्बन्धित अभियुक्त कैलाशचन्द्र उर्फ एण्डी पुत्र नवल सिंह निवासी नगला मोती थाना दक्षिण को 30000 रुपये व एक मोबाइल फोन (सैंमसंग कम्पनी) व दो सीलसर्व मोहर बोरी (कट्टे) जिनमें 14 सामान (10 की–बोर्ड अलग अलग कम्पनी के, 01 सीपीयू के पार्ट अज्ञात कम्पनी, 01 की–बोर्ड लोजोटेक कम्पनी, 03 झालर चाइनीज, 01 मोटर का स्टार्टर, 01 यूपीएस एचपी कम्पनी का, 05 ग्राण्डर आधा इन्च, 22 ग्राण्डर एक इन्च, 01 ग्राण्डर एक इन्च टूटा हुआ, 01 मोटर का पीस, 01 एक्जोस्टर फैन, 08 मीटर केबिल इंटरनेट, 12 मीटर 03 फेज केबिल, 50 अड्डे की बैल्ट) व अन्य 27 सामान (1 सीपीयू एलजी कम्पनी, 02 एलईडी, 01 सीपीयू काम्पटेक्ट कम्पनी, 01 सीपीयू एचसीएल कम्पनी, 01 सन्दूक जिसमें 24 पंखुडी छत वाले पंखे की, 07 छत वाले पंखे की मोटर ऊषा कम्पनी, 01 मोटर छंत वाले पंखा की कम्पनी क्रोमटन, 01 किट डीलक्स कूल कम्पनी मोटर कम्पनी की, 03 किट अज्ञात कम्पनी की, 05 पीस कटिंग इंस्ट्रूमेंट के, 02 काक शीट, 05 शान, 3 मोटर 05 हास पावर, 02 मोटर क्रोमटन कम्पनी 03 हास पावर, 01 पुली देगसार, 01 कम्प्रेसर लोहा बोडी छोटा जिस पर हैड लगी है बिना मोटर के, 02 पेडिस्टल कटिंग साटिंग के, 13 कटिंग अड्डा सैट, 01 जनरेटर आयशर कम्पनी 15 हास पावर, डवल बील 04 सिलेण्डर डाइनामा के पार्ट व 01 ई रिक्सा लोडर) सहित गिरफ्तार किया गया है।

# कुपोषण के समाधान में जिला अस्पताल का एनआरसी है जीवनरक्षक सहारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कुपोषण सिर्फ कमजोरी नहीं बल्कि बच्चों के शरीर, दिमाग और भविष्य को प्रभावित करने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। कई परिवार इसे बीमारी या खतरे की स्थिति नहीं समझते और सोचते हैं कि बच्चा समय के साथ अपने–आप ठीक हो जाएगा। यही सोच कई बार बच्चों को अति कुपोषण की ओर धकेल देती है। डीएचईआईओ बृजेश सिंह के अनुसार इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार पोषण कार्यक्रमों के साथ–साथ अति कुपोषित (सैम) बच्चों के इलाज हेतु जिला अस्पताल में 10 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) संचालित है लेकिन सामाजिक झिझक और परिवारों की असहमति के कारण कई जरूरतमंद बच्चे समय पर एनआरसी तक नहीं पहुँच पा रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि पयागपुर ब्लॉक के पड़ेरा गाँव की साढ़े तीन साल की पायल (बदला हुआ नाम) इसका उदाहरण है। परिवार को लगता था कि कमजोरी अपने–आप ठीक हो जाएगी, लेकिन वजन घटकर करीब 7 किलो रह गया। आशा कार्यकर्ता के प्रयास से 14 दिन एनआरसी में भर्ती के बाद अब वह फिर से सक्रिय हो गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर तक 2,298 बच्चों की स्क्रीनिंग में 844 बच्चे कुपोषित पाए गए। इनमें 821 स्थानीय स्तर पर इलाज योग्य थे, लेकिन केवल 570 ने उपचार लिया। वहीं 23 अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी रेफर किया गया, जिनमें से सिर्फ 9 ही वहाँ पहुँच सके। ये आंकड़े बताते हैं कि चुनौती इलाज की सुविधा नहीं बल्कि बच्चों को इलाज तक पहुँचाना है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार कहते हैं कि कुपोषण का समाधान सिर्फ अस्पतालों में नहीं बल्कि घरों की रसोई में बना पोषण युक्त आहार, गांव की सोच और समुदाय की भागीदारी से निकलता है। जब तक परिवार इसे गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं समझेंगे तब तक एनआरसी जैसी सुविधाएँ पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाएँगी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आमजन से अपील की है कि यदि अपने आस–पास कोई बच्चा कमजोर, सुस्त दिखे, बार–बार बीमार पड़े या वजन न बढ़े तो उसे आशा या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मदद से एनआरसी तक पहुंचाने में मदद करें। ताकि कुपोषण के शिकार बच्चों को समय से इलाज मिले जिससे बच्चों तथा उनके अभिभावकों के चेहरों पर मुस्कान आ सके।

# डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

## - डलमऊ क्षेत्र में सड़क हादसों से मौत का सिलसिला जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। यमराज के रूप में सड़कों पर दौड़ रहे डायनासोर नुमा डंपरों की टक्कर से आज फिर एक घर का चिराग बुझ गया जिससे परिवार में हाहाकार मच गया। मंगलवार को तेज रतार डंपर की लापरवही के चलते स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम बेला टेकई निवासी अनुज शुक्ला 35 वर्ष पुत्र इंद्र कुमार शुक्ला मंगलवार को दोपहर के समय अपने साथी दिवाकर तिवारी के साथ स्कूटी पर सवार होकर



मुराई बाग कस्बा किसी काम से जा रहा था जैसे ही वह डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुटिया चौराहे भरसना मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रतार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी चला रहे अनुज शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, पीछे बैठे दिवाकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान दूसरी दिशा से आ रहा एक अन्य डंपर भी बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो कर सड़क पर पलट गया मृतक के भाई मनोज ने बताया कि हम लोग अपने गांव बेला टेकई से मुराई बाग खाना बनाने के लिए जा रहे थे। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी को छोड़ गया इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डलमऊ राघव सिंह ने बताया कि पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चोरी के सिलेंडर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। बीते दिनों गैस एजेंसी से चोरी हुए गैस सिलेंडर के चोरी के मामले में डलमऊ पुलिस ने एक वाहन पर लदे हुए चोरी के सिलेंडर के साथ एक अपचारी सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में तथा अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कटघर एचपी गैस एजेंसी से बीते 30 दिसंबर को महिंद्रा पिकअप पर लदे हुए गैस सिलेंडर चोरी हो गए थे जिसमें कूड़ा चकशगुन पुर निवासी अभिषेक सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को डलमऊ पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन में लदे हुए 11 चोरी के सिलेंडर सहित एक अभियुक्त शिवम यादव पुत्र बाबूलाल निवासी टिकरा थाना गुरबक्श गंज तथा एक अपचारी को गिरतार किया है अभियुक्त के पास से 11 चोरी के सिलेंडर बरामद हुए हैं। कोतवाल राघवन



कुमार सिंह ने बताया कि दर्ज मुकदमे पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शिवम यादव को चोरी के 11 सिलेंडर तथा एक चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसे जेल भेजा गया है। अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है।

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने पक्का नाला निर्माण की उठाई मांग

## - पूर्वी माल भाड़ा परियोजना कार्य के बीच जल निकासी समस्या गहराई
## - ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। मलाजनी ग्राम पंचायत के नगला भिखन गांव में भारत सरकार की पूर्वी माल भाड़ा परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्य के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव से होकर नालियों का पानी गुजरता है, लेकिन पक्का नाला न होने के कारण जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विशेषकर बारिश के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं। पानी भर जाने से रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं और कई बार जलभराव मकानों के भीतर तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बताया कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसी समस्या के समाधान के



लिए रेलवे लाइन के समीप जल निकासी हेतु पक्का नाला निर्माण कराए जाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कुलदीप कुमार शाक्य के नेतृत्व में करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन एसडीएम को संबोधित करते हुए तहसीलदार नेहा सचान को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्वी माल भाड़ा परियोजना से जुड़े संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर प्राथमिकता के आधार पर पक्का नाला निर्माण कराया जाए, ताकि नगला भिखन गांव के निवासियों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। ज्ञापन की एक प्रति पूर्वी माल भाड़ा परियोजना कार्यालय को भी भेजी गई है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में नितेश बाबू, मोहित बाबू, सर्वदीप, भोजेंद्र, रजत, अवनीश, आदेश, सर्वेश, अमित, सौरभ, जितेंद्र, राहुल, प्रबल प्रताप, गोविंद, सत्यम, ब्रह्मराज, सतीश, रोहित, उदयवीर, उषा देवी, सरिता देवी, अर्जुन सिंह, अंशु, धर्मेंद्र सहित अन्य ग्रामीणों के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समस्या का समाधान होने से गांववासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# ओवरलोड 13 वाहनों को थानों में किया गया निरुद्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। कार्यालय परिवहन आयुक्त के पत्र संख्या लखनऊ 27 जनवरी द्वारा अपंजी.त मालवाहक, ओवरलोड, बिना नम्बर प्लेट व हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगे वाहनों के विरूद्ध 01 फरवरी से 15 फरवरी तक खनिज विभाग के साथ विशेष येकिंग अभियान के बलाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के कम में 02/03 फरवरी को संयुक्त अभियान में प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए कुल 13 ओवरलोड वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया। उक्त के अतिरिक्त जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 बिना हेलमेट, 7 बिना सीटबेल्ट सहित अन्य अभियोगों में कुल 58 चालान किये गये।

# महामानव जगत गुरु संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ग्राम पंचायत परसौडा में महामानव जगत गुरु संत शिरोमणि रविदास जी की 649 वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन पूजा अर्चना से हुई, जिसका नेतृत्व अनामिका वर्मा ग्राम प्रधान ने किया। कार्यक्रम में सुखलाल



बौद्ध, पूर्व जिलाध्यक्ष, भारतीय बौद्ध महासभा, देवेश उर्फ मोनू वर्मा,ी बृजलाल वर्मा मास्टर साहब, हरिशंकर प्रजापति पूर्व फौजी, राजू वर्मा बिन्दा वर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम में सुखलाल बौद्ध ने कहा कि रविदास जी महाराज ने अंध विश्वास और पाखंडवाद से समाज को दूर रहने को आगाह किया था। देवेश उर्फ मोनू वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज में शिक्षा बहुत जरूरी है। बृजलाल वर्मा मास्टर साहब ने रविदास जी के जीवनकाल पर विस्तार से बताया। हरिशंकर प्रजापति पूर्व फौजी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का समापन प्रभात फेरी के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों ने भाग लिया। इसके बाद बिद्वानों ने रविदास जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और प्रसाद वितरण किया गया।

# चार पहिया वाहनों से खरतनाक स्टंट करने वालों पर कसा शिकंजा

## – यातायात पुलिस चार पहिया वाहन को सीज कर किया चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा चार पहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने वाले एक अन्य वाहन को सीज करते हुए चालान किया गया। गौरतलब हो कि 02 फरवरी 2025 को यातायात पुलिस खतरनाक स्टंट करने वालो पर कार्यवाही करते हुए 02 चार पहिया वाहनो को सीज करते हुए चालान किया गया था। अन्य वाहनो की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में मंगलवार को चार पहिया वाहनो से खतरनाक स्टंट करने वाले एक अन्य चार पहिया की पहचान करते हुए वाहन सं0 यूपी–90जेड/5914 के मालिक परवेश पुत्र तुलसीदास ग्राम खुटला थाना कोतवाली नगर के वाहन को सीज कर चालान किया गया। साथ ही वाहन मालिक के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही अन्य वाहनों की भी पहचान/तलाश कर उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने आमजनमानस से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह अपने व आमजनमानस के लिए जानलेवा हो सकता है।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना में जसराना ब्लॉक में 97 जोड़ों का हुआ विवाह

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। उ0 प्र0 की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज जसराना ब्लॉक के शारदा रिसोर्ट में एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहें। जबकि इनके अलावा जसराना की ब्लॉक प्रमुख संध्या राजपूत और बीडीओ जितेन्द्र सिंह और समाज कल्याण अधिकारी राजमती भी उपस्थित रही। समारोह में कुल 97 जोड़ों ने एक दूसरें का हाथ थाम कर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की, सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करते हुए इस आयोजन में विभिन्न वर्गों की भागीदारी रहीं जिनमें पिछडा वर्ग से 55 जोडे, अनुसूचित जाति से 34 जोड़ों, अल्पसंख्यक वर्ग से 5 जोड़े और सामान्य वर्ग से 3 जोड़े रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों पर फूल वर्षा कर उन्हे सुखी जीवन का उन्हे आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहीं है, सामूहिक विवाह योजना से समाज में एकजुटता का संदेश मिलता है, आज इन 97 जोड़ों को नई शुरूआत करते देखकर अत्यंत प्रशंसा हो रही है। समारोह में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ–साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कन्या पक्ष एवं वर पक्ष के परिजन मौजूद रहे। सभी जोडों को सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि और उपहार भेंट कर विदा किया गया।

# व्यापार मंडल ने सीएम को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा

## - स्मार्ट प्रीपेड मीटर और बिजली समस्याओं पर व्यापारियों का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। व्यापारियों की विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित 19 सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग ऋषभदेव को स्टेशन रोड स्थित उनके कार्यालय पर सौंपा। मांग की गई कि विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित किए जा रहे हैं। प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व निम्नलिखित सुधार कराए जाना आवश्यक है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से पूर्व विभाग में जमा की गई सिक्योरिटी राशि उपभोक्ताओं को वापस कराई जाए, क्योंकि सिक्योरिटी इस आधार पर ली जाती थी कि उपभोक्ता को उधार बिजली दी जा रही है। प्रीपेड मीटर प्रणाली लागू होने के बाद सिक्योरिटी राशि जमा रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के पश्चात फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि समाप्त कर केवल उपभोग की गई विद्युत यूनिट के आधार पर ही बिल की गणना की जाए। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद यदि मकान बंद रहता है अथवा विद्युत का उपयोग नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में मिनिमम चार्ज व फिक्स चार्ज पूर्णतः समाप्त किए जाएँ। प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व मीटर की जाँच लीगल मेट्रोलॉजी विभाग द्वारा कराई जाना अनिवार्य किया जाए तथा लीगल मेट्रोलॉजी विभाग के नियमों के अनुसार प्रत्येक वर्ष मीटर की जाँच सुनिश्चित की जाए। मीटर की जाँच की जिम्मेदारी विक्रेता अर्थात विद्युत विभाग की निर्धारित की जाए। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाते समय मीटर का मैनुअल एवं गारंटी कार्ड उपभोक्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। बिजली कटौती हेतु रोस्टर घोषित किया जाए तथा उसकी सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाए। अघोषित बिजली कटौती को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी कार्यालय में प्रार्थनापत्र जमा करने पर रिसीविंग नहीं दी जाती है। निर्देशित किया जाए कि किसी भी प्रार्थनापत्र को प्राप्त करते समय अनिवार्य रूप से रिसीविंग दी जाए विद्युत आपूर्ति व बिल सुधार से संबंधित शिकायत दर्ज करते समय शिकायत पर्ची बनाई जाए, जिसकी एक प्रति उपभोक्ता को भी उपलब्ध कराई जाए। मीटर लगाए जाते समय अथवा मीटर उतारते समय सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर नहीं दिया जाता, जिससे उपभोक्ताओं का उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। 100 प्रतिशत मामलों में मौके पर ही सीलिंग सर्टिफिकेट दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मीटर बदले जाने के पश्चात उन्हें लैब



जाँच के लिए भेजा जाता है, जिसके आधार पर उपभोक्ता पर विद्युत चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए जाते हैं तथा एफआईआर व भारी जुर्माने की कार्रवाई की जाती है, जबकि अधिकांश मामलों में निर्धारित समय पर मीटर की जाँच नहीं की जाती। सीलिंग सर्टिफिकेट न मिलने के कारण उपभोक्ता को मीटर जाँच की तिथि, समय व स्थान की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे भ्रष्टाचार व उत्पीड़न की स्थिति उत्पन्न होती है। इस पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है। औद्योगिक उपभोक्ताओं के बिलों में पोर्टल पर दर्शाई गई राशि एवं वास्तविक बिल राशि में अंतर पाया जा रहा है, जिसका कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। निर्देश दिए जाएँ कि पोर्टल व बिल में एक ही राशि दर्शाई जाए। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं तथा सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी भी दी जा रही है, परंतु नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा की रीडिंग घटवाने के लिए विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं। सॉटवेयर में सुधार कर बिलों को सही किया जाए तथा खपत से अधिक उत्पन्न ऊर्जा का भुगतान भी उपभोक्ता को कराया जाए। मीटर विभाग द्वारा चेक मीटर लगाए जाते समय सीलिंग सर्टिफिकेट उपभोक्ता को नहीं दिया जाता, जिससे चेक मीटर लंबे समय तक लगे रह जाते हैं। निर्देश दिए जाएँ कि चेक मीटर लगाते व उतारते समय सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर दिया जाए तथा निर्धारित समय में चेक मीटर अवश्य उतारा जाए। विभाग द्वारा 25 से 30 वर्ष पुराने पी.डी. कनेक्शनों की आरसी जारी की जा रही है, जबकि अधिकांश मामलों में मीटर उतारने का सीलिंग प्रमाण पत्र एवं अस्थायी विच्छेदन की तिथि विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। यह स्पष्ट रूप से मनमानी एवं अवैध वसूली का संकेत है, जिस पर रोक लगाया जाना आवश्यक है। पी.डी. होने की स्थिति में अस्थायी विच्छेदन की तिथि से ही फाइनल बिल बनाया जाना चाहिए, किंतु मनमाने ढंग से अंतिम बिल बनाए जा रहे हैं। निर्देश दिए जाएँ कि विद्युत प्रदाय संहिता–2005 के अनुसार ही पी.डी. फाइनल बिल बनाया जाए। 16 कनेक्शन पी.डी. होने पर मीटर उतारे जाने के पश्चात भी उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी समायोजित कर फाइनल बिल नहीं दिया जाता तथा सौदेबाजी कर बिल तैयार किए जाते हैं, जिस पर रोक लगाई जाए। उपभोक्ता द्वारा साक्ष्यों सहित लिखित शिकायत करने पर विभागीय कर्मचारियों को बचाने हेतु जाँच के नाम पर फाइलें लंबित कर दी जाती हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। ऐसी शिकायतों के निस्तारण हेतु समय–सीमा एवं जाँच अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। विद्युत विभाग द्वारा संचालित ओटीएस योजना वर्तमान में 2 किलोवाट घरेलू एवं 1 किलोवाट वाणिज्य उपभोक्ताओं तक सीमित है। अनुरोध है कि यह योजना सभी प्रकार के औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं घरेलू उपभोक्ताओं पर लागू की जाए। जिन फीडरोंध्ट्रांसफार्मरों पर मानक से अधिक लाइन लॉस पाया जाता है, वहाँ संबंधित उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र आवश्यक आदेश पारित किए जाने की .पा करें। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उपाध्यक्ष अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, सरदार मनदीप सिंह, हाजी चांद मंसूरी, महिला प्रदेश मंत्री मंजूलता द्विवेदी,युवा जिलाध्यक्ष रियाज अहमद, महिला जिला अध्यक्ष शकीला बेगम, महिला शहर अध्यक्ष पूर्वी सक्सेना, रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता, जिला सचिव सै लकी, मुमताज राईन, युवा जिला महामंत्री अजीत कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव,शेख नबाव, समीर, अल्ताफ सुमन, प्रेमलता, सरला तोमर, प्रीति राखी कुमारी, रानी बघेल, रोशनी वर्मा यासमीन बेगम मीरा राजपूत अंजू यादव आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों का दुर्घटना बीमा दस लाख से बढ़ा कर 25 लाख किया जाए

## - उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जीएसटी पंजी.त व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा बढ़ाकर 25 लाख किए




जाने की मांग को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंप कर अपनी मांग दोहराई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि ज्ञापन में हमारी दूसरी मांग के रूप में जीएसटी में विलंब से टैक्स जमा होने पर लगाए जाने वाले ब्याज 18 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत किया जाए इसकी भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा एवं एमपी सिंह तोमर वरिष्ठ जिला महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष उमेश वर्मा जिला महामंत्री रमेश यादव युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे शहर उपाध्यक्ष अन्नू गुप्ता युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष दत्त तिवारी युवा शहर कोषाध्यक्ष गोपाल .ष्णा भदोरिया कुमावत उपाध्यक्ष मुनीम यादव करुणेश मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस ने करोड़ों के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट रैकेट का किया भंडाफोड़

## - फर्जी फर्मो के जरिए सेवा कर चोरी करने वाले संगठित गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

## - डिजिटल साक्ष्य, लैपटश्प, फर्जी बिल और बिना नंबर प्लेट कार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस ने संगठित रूप से फर्जी वस्तु एवं सेवा कर फर्में बनाकर करोड़ों रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट फर्जी तरीके से पास कराने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस जांच में लगभग 7 करोड़ 03 लाख रुपये की राजस्व क्षति का खुलासा हुआ है। पांच अभियुक्तों को गिरतार किया गया है। कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में की गई। फर्जी फर्मों के जरिए चल रहा था बड़ा खेल मामले की शुरुआत सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड–1 की तहरीर से हुई। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने बिना किसी वास्तविक माल की खरीद–फरोख्त के फर्जी कर चालान जारी किए और अवैध रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट अर्जित किया। संबंधित फर्मों ने न तो वास्तविक व्यापार किया और न ही सरकार को देय कर जमा किया। जांच में पाया गया कि कोतवाली, फ्रेंड्स कॉलोनी और जसवंतनगर थाना क्षेत्रों में एक ही संगठित गिरोह सक्रिय था। फर्जी कंपनियों के नाम पर कर पोर्टल पर पंजीकरण कराकर बिक्री विवरणी में अधिक बिक्री दर्शाई जाती थी और इनपुट टैक्स क्रेडिट विभिन्न व्यापारियों व ठेकेदारों को कमीशन के बदले पास कराया जाता था। डिजिटल साक्ष्यों से खुला राज विशेष जांच दल द्वारा इंटरनेट प्रोटोकॉल विवरण, नेटवर्क विश्लेषण, बैंक लेनदेन, कर पोर्टल लॉग–इन गतिविधियां, आधार–पैन दस्तावेज, किरायानामा, लैपटॉप व मोबाइल डाटा का गहन विश्लेषण किया गया। पूछताछ में सामने आया कि भोले–भाले लोगों को नौकरी, ऋण या सरकारी योजनाओं का लालच देकर उनके दस्तावेज लेकर फर्जी फर्में बनाई गईं। अभियुक्त अंकित जौहरी, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट नहीं है, कर पंजीकरण, विवरणी दाखिल करने और लेखा कार्य करता था तथा लेखा परीक्षक हस्ताक्षर की आवश्यकता होने पर तरुण अग्रवाल की फर्म का नाम उपयोग करता था। गिरोह लगभग ढाई प्रतिशत कमीशन लेकर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पास करता था। गिरफ्तार आरोपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंकित जौहरी, शिवा जौहरी, अभिषेक कुमार शाक्य, देवेश चन्द्र शाक्य, मोहम्मद आसिफ खान को गिरतार









किया है। इससे पहले नितिन गुप्ता, जीशान, तरुण अग्रवाल को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। बरामदगी पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लेनोवो कंपनी का लैपटॉप, फर्जी कर चालान व ई–बिल से संबंधित दस्तावेज, बिना नंबर प्लेट की मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार बरामद की है। कई मुकदमे दर्ज, जांच जारी मामले में विभिन्न थानों पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह द्वारा देश के अलग–अलग राज्यों के पते पर फर्जी फर्में बनाकर कर लेनदेन की श्रृंखला को जटिल बनाया जाता था ताकि सामान्य जांच से बचा जा सके। अन्य संलिप्त आरोपियों की पहचान और गिरतारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने इसे प्रदेश में कर चोरी के विरुद्ध एक बड़ी सफलता बताया और कहा है कि आर्थिक अपराधों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आचार्य श्री सुबल सागर मुनिराज का आज नगर प्रवेश

## - लालपुरा जैन मंदिर पहुंचेगा भव्य आगवानी जुलूस

## - जैन समाज में उत्साह, श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। धर्म नगरी आज एक ऐतिहासिक और अत्यंत मंगलमय क्षण की साक्षी बनने जा रही है। आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी मुनिराज के अंतिम शिष्य एवं जैन धर्म के प्रभावशाली संत आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी मुनिराज का भव्य नगर प्रवेश आयोजित किया जा रहा है। वे 9 पिच्छी सहित मध्य प्रदेश के भिंड से पद विहार करते हुए मंगलवार सायं 4 बजे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नशिया जी पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से उनका स्वागत किया। इसके पश्चात बुधवार प्रातः 7 बजे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नशिया जी से भव्य आगवानी जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस टिक्सी मंदिर, बजरिया, छैराहा पचराहा,



कोतवाली चौराहा, तिकोनिया, पक्की सराय, नगर पालिका चौराहा, रंगलाल चौराहा होते हुए महावीर मार्ग स्थित लालपुरा जैन मंदिर पहुंचेगा। पूरे मार्ग में श्रद्धालु आचार्य श्री के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। जुलूस नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस पावन अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समाज अध्यक्ष संजू जैन, ठेकेदार महावीर प्रसाद जैन, पीयूष जैन, सोनू जैन, भोलू जैन, सौरव जैन, रोहित जैन, अमित जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बताया कि आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षालन, आरती एवं वंदना कर भव्य आगवानी की जाएगी। समाज के वरिष्ठजनों ने सभी सहधर्मी महिलाओं और पुरुषों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें तथा धर्म लाभ अर्जित करें। यह अवसर जैन समाज ही नहीं, बल्कि समस्त नगरवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का संदेश लेकर आया है।

# आदर्श स्कूल इकदिल में अभिभावक गोष्ठी छह को

न्यूज वाणी ब्यूरो /इकदिल, इटावा। कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 6 फरवरी दिन शुक्रबार को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अभिभावक गोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने समस्त अभिभावक बंधुओं से अभिभावक गोष्ठी में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# मिशन शक्तिके तहत महिलाओं को किया जागरुक

## - थाना चौबिया पुलिस टीम ने नगला जगत में चलाया जागरुकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाना चौबिया की महिला मिशन शक्ति टीम ने नगला जगत क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम द्वारा घर–घर जाकर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। अभियान के तहत महिलाओं को पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें आपातकालीन सेवाओं तथा साइबर अपराध से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। महिला पुलिस कर्मियों ने बताया कि सतर्कता और सही जानकारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की तथा घरेलू हिंसा, साइबर ठगी, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी अभियान के दौरान पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया टीम ने



महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत योजना के बारे में बताया। उपस्थित महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को विशेष रूप से पढ़ाई को प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर आगे बढ़ने की सलाह दी गई। अभियान के अंत में टीम ने संदेश दिया कि सुरक्षित रहना, स्वस्थ रहना और जागरूक रहना ही सशक्त महिला की पहचान है। पुलिस टीम ने अपील की कि महिलाएं और बालिकाएं सीखी हुई जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों से भी साझा करें, ताकि समाज में व्यापक जागरूकता फैल।

# आज आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेष राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति कल (आज) जिले में प्रवास करेंगी। सदस्य जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, जागरूकता चौपाल निरीक्षण आदि करेगी। उन्होने जिले की पीड़ित महिलाओं का



आहवान किया कि अपनी–अपनी षिकायतों को दर्ज कराने के लिए कल (आज) पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। उन्होने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह ग्यारह बजे महिला जनसुनवाई करके षिकायतों के निस्तारण का प्रयास करेंगी।

## PUBLIC NOTICE

I] Mohammed Azam Naseem Ahmad Khan] S/O Naseem Ahmad Khan] resident of C/O Naseem Ahmad Khan] 287/176&B] Hata Chand Khan] Bakarganj] Fatehpur] Uttar Pradesh india - 212601] do hereby inform the general public that I have changed my name from Mohammed Azam to Mohammed Azam Naseem Ahmad Khan-Henceforth] I shall be known and identified by my new name Mohammed Azam Naseem Ahmad Khan for all purposes whatsoever-

Place: Fatehpur up india

Mohammed Azam Naseem Ahmad Khan

# सुंदरपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में आज रहेगी बिजली कटौती

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर से पोषित क्षेत्रों में मंगलवार 04 फरवरी को विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभागीय जानकारी के अनुसार 11 केवी फीडर नंबर 06 पर तार बदलने का आवश्यक कार्य किया जाना है, जिसके चलते संबंधित फीडर से जुड़े सभी क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। अवर अभियंता, विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर ने बताया कि मरम्मत एवं तकनीकी सुधार कार्य के कारण सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। इस दौरान उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें और बिजली उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्य विद्युत व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए किया जा रहा है। संभावित असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त करते हुए सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।






# बेमौसम बारिश से बिगड़ी किसानों की हालत, भगवान से प्रार्थना

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र में हुई हालिया बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी हैं। किसानों को डर सता रहा है कि कहीं बारिश के साथ ओलावृष्टि न हो जाए, जिससे उनकी खड़ी फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस समय खेतों में गेहूं, चना और अरहर जैसी प्रमुख रबी फसलें तैयार अवस्था में हैं, जिन पर बारिश का प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्र के किसान राम सिंह, सेवक, चंद्रलाल, राजू और रामजस ने बताया कि इस मौसम में होने वाली बरसात किसानों के लिए लाभ से अधिक नुकसान लेकर आती है। लगातार हो रही बारिश से फसलों में नमी बढ़ जाती है, जिससे रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है और दाने कमजोर हो जाते हैं। खासकर गेहूं की फसल गिरने से उत्पादन में कमी आने की संभावना रहती है। वहीं चना और अरहर की फसल पर भी बारिश का विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी प्रकार बना रहा तो उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ेगा। पहले ही बढ़ती लागत और महंगे बीज, खाद व कीटनाशकों से किसान परेशान हैं। ऐसे में प्रा.तिक आपदा के रूप में होने वाली बारिश उनकी समस्याओं को और बढ़ा देती है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि फसलों को हुए संभावित नुकसान का आकलन कर समय रहते मुआवजे की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। साथ ही मौसम विभाग से सटीक पूर्वानुमान और समय पर सूचना उपलब्ध कराने की भी अपील की गई है, जिससे किसान आवश्यक सावधानी बरत सकें।

# कैंप में दो दर्जन बुजुर्ग नेत्र आपरेशन के लिए चिन्हित

## – रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर की टीम ने लगाया कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा मंडल प्रभारी अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी के अथक प्रयासों से मथइयापुर चौराहा में मंगलवार को नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें



बड़ी संख्या में आस–पास के गांव के मरीज एकत्र हुए। लगभग दो दर्जन बुजुर्गों को नेत्र परीक्षण के लिए चिन्हित किया गया। जिसका आपरेषन कानपुर में किया जाएगा। कैंप में डॉ रोहित पाल ने दो दर्जन बुजुर्गों को चिन्हित किया। जिनको गाड़ी के माध्यम से कानपुर चिकित्सालय ले जाकर आंखों का निःशुल्क ऑपरेशन व लेंस का प्रत्यारोपण किया जाएगा। श्री लोहारी ने बताया कि बुजुर्गों की सेवा हेतु लगातार नेत्र शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। कल (आज) मवई चौराहे पर नेत्र शिविर का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि बुजुर्गों को राशन, पेंशन, आवास, शौचालय, उपकरण के रूप में छड़ी, कान की मशीन, व्हील चेयर, कमोड चेयर लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। योगी व मोदी की जितनी भी लाभकारी योजनाएं हैं पात्रों तक निःशुल्क पहुंचाई जा रही हैं। कैंप में क्षेत्र के मथैयापुर, नारायणपुर, राधानगर लकड़ी गांव के सभी बुजुर्गों ने लाभ लिया। इस मौके पर रवि, किशन सिंह, महेश तिवारी भी मौजूद रहे।

# मौसम ने फिर ली करवट, रिमझिम बारिश से बढ़ी ठण्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी व जिले में सुबह से हुई रिमझिम बारिष के चलते मौसम ने एक बार फिर से अपना रुख बदल लिया है। मंगलवार को ठंड ने लोगों को दोबारा कंपकंपी का एहसास कराया। सुबह से ही मौसम ने ठंड का प्रकोप बढ़ा दिया था। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और ठंड से बचाव के लिए अलाव या गर्म चाय का सहारा लेते दिखे। महज दस दिन पहले मौसम पूरी तरह खुल चुका था और चिलचिलाती धूप के कारण लोग गर्म कपड़े पहनना भी बंद कर चुके थे। ऐसा लग रहा था कि अब सर्दी का दौर खत्म हो गया है, लेकिन हिमालयी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी ने मौसम का मिजाज बदल दिया। पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के असर से मैदानी इलाकों में भी ठंड में इजाफा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले दो–तीन दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहने की संभावना है। आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी या छिटपुट बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में और गिरावट आएगी। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें, गरम पेय पदार्थों का सेवन करें और विशेष रूप से बुजुर्गों व बच्चों का खास ख्याल रखें। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में सतर्क रहने की अपील की है।

# उत्साह के साथ मनाया विश्व महिला चिकित्सक दिवस

## – करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम में काटा केक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के बिंदकी बस स्टाप रोड स्थित करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम में मंगलवार को विष्व महिला चिकित्सक दिवस



मनाया गया। यह विशेष दिन चिकित्सा क्षेत्र की पथप्रदर्शक डॉ. एलिजाबेथ ब्लैकवेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। विदित हो कि डॉ. एलिजाबेथ ब्लैकवेल ने सन 1849 में पहली महिला फिजिशियन के रूप में डिग्री प्राप्त कर चिकित्सा जगत में महिलाओं के लिए सफलता के द्वार खोले थे। उनके इसी ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए अस्पताल परिसर में केक काटा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए डॉ. अर्चना मिश्रा ने डॉ. ब्लैकवेल के संघर्षों और स्वास्थ्य क्षेत्र में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित मिश्रा व डॉ. आंचल मिश्रा ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में एएनएम पदमा व सावित्री, जीएनएम रिया यादव, सरेनी, इला सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने महिला चिकित्सकों के समर्पण की सराहना करते हुए समाज सेवा का संकल्प दोहराया।

# नैनो यूरिया के सही प्रयोग की दी जानकारी

## - कृषि भवन में आयोजित हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहपुर। कृषि भवन पर नैनो उर्वरक आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता उप कृषि निदेशक सत्येंद्र सिंह ने की। प्रषिक्षण में जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम दास, उप. विपणन महाप्रबंधक इफको एके सिंह, .षि वैज्ञानिक पंजाब यूनिवर्सिटी आरएस चौहान, क्षेत्राधिकारी इफको मो. साजिद अंसारी, एलडीएम बैंक आफ बड़ौदा, एसबीआई प्रबंधक, जनपद की तीनो तहसीलो के ए, बी व सी ग्रेड के पदाधिकारी की उपस्थिति रही। उप महाप्रबंध विपणन इफको एके सिंह द्वारा .षि विभाग के अधिकारियों को इफको की योजनाओं व नैनो यूरिया, नैनो कापर, नैनो जींक, सगरीका के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन के साथ बताया। .षि वैज्ञानिक पंजाब यूनिवर्सिटी आरएस चौहान ने नैनो उर्वरक पर अधिकारियों को सही तरीका व खुदका अनुभव साझा किया। उप .षि निदेशक सत्येंद्र सिंह ने सभी कर्मचारी को किसानों के बीच नैनो का सही प्रयोग विधि के साथ–साथ .षि विभाग के कार्यक्रमों में नैनो उर्वरको को शामिल करने को कहा। जिला .षि अधिकारी नरोत्तम दास ने नैनो आधारित कार्यशाला को सराहा और सहयोग करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कहा। क्षेत्राधिकारी इफको मो. साजिद अंसारी ने इफको के अन्य उत्पादों के बारे में विस्तार से बताया। इफको के कार्यक्रम में बैंकर्स के अधिकारियों ने इफको के कार्यक्रम को सराहा और योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

# आरवीएस स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी विदाई

## - कक्षा ग्यारह के छात्रों ने टीका लगा किया स्वागत, पेश किए कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह, विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय की अकेडमिक डायरेक्टर वीशा मोहिंद्रा ने दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम की शानदार शुरुआत की। कक्षा ग्यारह के छात्र छात्राओं ने अतिथियों, शिक्षकों और कक्षा बारहवीं के छात्र–छात्राओं को टीका लगाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिनमें गीत, नृत्य व लघुनाटिका आदि के मंचन ने सबका मन मोह लिया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार के सामाजिक, शैक्षिक, पारिवारिक जैसे विषयों पर प्रश्न पूछकर उनके व्यक्तित्व को कसौटी पर परखने की कोशिश की गई जिसमें खरे उतरे सुयश बाजपेयी. को मिस्टर आरवीएस आईएस तथा मानवी ठाकुर को मिस आरवीएस आईएस चुना गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सैश और क्राउन पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं को शुभकामना संदेश लिखा। कार्ड व प्रतीक चिन्ह भेंट किये गए। बिंदा सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ख़ुशी का अनुभव कर रहा हूं। खुशी इस बात की है कि विद्यालय ने नौनिहालों को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का नेक काम किया। अकेडमिक डायरेक्टर वीशा मोहिंद्रा ने कहा कि गर्व और विष्वास




से कह सकती हैं कि स्कूल के सभी विद्यार्थी समय के पाबंद, संस्कारी और एक जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को एक बेहतर नागरिक बनने का आशीर्वाद दिया और पूरे मनोयोग से आगामी परीक्षा में अव्वल आने पर अपने विचार व्यक्त किया और सब को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में कॉर्डिनेटर आरती प्रजापति, गरिमा श्रीवास्तव, शिक्षक, शिक्षिकाएं, ऑफिस स्टाफ़ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ोत्सव का हुआ समापन

## - एथलेटिक्स चैंपियन बनीं बीए तृतीय वर्ष की श्रीमती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय के




छत्तीसवें वार्षिक क्रीड़ोत्सव का भव्य समापन हुआ। राजकीय महाविद्यालय सैयां खैरागढ़ आगरा की प्राचार्य डॉ0 गुलशन सक्सेना मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बहुआ देहात के प्राचार्य डॉ0 रामकुमार, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय बिंदकी की प्राचार्य प्रो0 सपना पाण्डेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 राजेश कुमार यादव ने की। बीए तृतीय वर्श की श्रीमती को एथलेटिक्स चैम्पियन घोशित किया गया। इसके उपरान्त विभिन्न टीम गेम्स, एथलेटिक्स की विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि प्रो0 गुलशन सक्सेना ने कहा कि जिन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की है वे आगे भी अपना प्रयास जारी रखें। उन्होंने महाविद्यालय में की गई अपनी तीस वर्ष की सेवा के स्वर्णिम पलों को याद किया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 रामकुमार ने छात्राओं के कौशल की प्रशंसा की साथ ही इतिहास में नारी शिक्षा में विशिष्ट योगदान देने वाली कई समाज सुधारक महिलाओं का जिक्र किया। प्रो0 सपना पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने छात्राओं का आवाह्न किया कि वे अपने लक्ष्य को हमेशा नजर में रखें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 राजेश कुमार यादव ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा तथा ऐसी ही अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 शरद चन्द्र राय ने क्रीड़ा आख्या प्रस्तुत की। संचालन डॉ0 चारू मिश्रा ने किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पूर्व केंद्रीय राज्यमंती पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप खारिज, मिली क्लीन चिट

## - लोकपाल अदालत ने माना, राजनीतिक विद्वेष के कारण लगाए गए थे झूठे आरोप
## - पांच सदस्यीय बेंच ने किया मुकदमा डिस्पोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेता साध्वी निरंजन ज्योति को जन लोकपाल की अदालत ने बड़ी राहत दी है। पिछले एक वर्ष से चर्चा में रहे आय से अधिक संपत्ति के मामले की सुनवाई करते हुए लोकपाल की पांच सदस्यीय बेंच ने साध्वी के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताते हुए उन्हें पूरी तरह क्लीन चिट दे दी है। यह फैसला दो फरवरी को सुनाया गया। पूर्व सांसद कार्यालय के प्रवक्ता व भाजपा जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष भाजपा के तत्कालीन जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने राजनीतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर साध्वी निरंजन ज्योति के विरुद्ध मोर्चा खोला था। मुखलाल पाल ने प्रेस और सोशल मीडिया के माध्यम से साध्वी जी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगाए थे। गौरतलब है कि तत्कालीन जिलाध्यक्ष ने साध्वी के साथ–साथ पार्टी के दो अन्य स्थानीय बड़े नेताओं को भी निशाने पर लेते हुए उन पर भी गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जिसे लेकर जिले की राजनीति में भारी हलचल मची थी। इस संवेदनशील मामले की सुनवाई लोकपाल की पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय बेंच ने की, जिसमें जस्टिस एएम खानविलकर, संजय यादव, सुशील चंद्र, ऋतुराज अवस्थी और अजय तिर्की शामिल थे। साध्वी निरंजन ज्योति की ओर से अधिवक्ता जगदीश चंद्र ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा और हलफनामे के माध्यम से विपक्षी द्वारा लगाए गए प्रत्येक आरोप का साक्ष्यों के साथ खंडन किया। न्यायालय ने साक्ष्यों के अवलोकन के बाद पाया कि साध्वी के विरुद्ध लगाए गए आरोप केवल उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से रचे गए थे। अदालत ने आरोपों में कोई ठोस आधार न पाते हुए मुकदमे को पूरी तरह खारिज (डिस्पोज) कर दिया है। शिव प्रताप सिंह ने कहा कि यह सत्य की



जीत है और उन लोगों के लिए सबक है जो व्यक्तिगत रंजिश के कारण सार्वजनिक जीवन में सक्रिय नेताओं पर झूठे लांछन लगाते हैं। इस फैसले के बाद समर्थकों में खुशी की लहर है।

# शब-ए-बरात पर रात भर चला इबादत का दौर

## - पूर्वजों की मगफिरत के लिए फातिहा पढ़कर मांगी दुआएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले भर में शब–ए–बरात का त्योहार श्रद्धा



के साथ मनाया गया। जहां दिन भर घर की महिलाओं ने तरह–तरह के हलवे बनाए वहीं पुरूषों व बच्चों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए फातिहा पढ़कर अल्लाह पाक से दुआएं मांगी। कब्रिस्तान व दरगाहों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया। घरों पर रात भर इबादत का दौर चलता रहा। शब–ए–बरात के मौके पर मंगलवार की सुबह से ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चहल पहल तेज हो गई थी। हलवे की सामग्री की दुकानें यूं तो कई दिनों से सज गई थीं लेकिन आज दुकानों पर अधिक भीड़ देखी गई। घर की महिलाओं ने तरह–तरह के हलवे बनाए। अस्र की नमाज के बाद घरों पर पूर्वजों के नाम से हलवा पर फातिहा करवाया गया। बाद नमाज मगरिब जहां पुरूष वर्ग ने अपने पूर्वजों की कब्रिस्तानों पर फातिया पढ़ा और अगरबत्ती व मोमबत्ती जलाकर कब्रिस्तान पर रोशनी व सुगंध का माहौल बना दिया, वहीं महिलाओं व पुरूष सहित घर के अधिकांश सदस्यों ने पूरी रात अल्लाह की बारगाह में इबादत कर लम्बी उम्र की दुआएं और गुनाहों की माफी मांगी। शब–ए–बरात के मद्देनजर लोगों ने कब्रिस्तानों की साफ–सफाई एक पखवारे से शुरू करा दी थी। पर्व के दिन मस्जिदों, दरगाहों व कब्रिस्तानों को विशेष रूप से सजाया गया था।

# डीआईओएस से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

## – अभिभावकों का शोषण बंद किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष षिवचन्द्र षुक्ल की अगुवई में मंगलवार को व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक राजेष कुमार से मुलाकात की। प्राइवेट



स्कूलों द्वारा अभिभावकों के किए जा रहे षोशण को बंद किए जाने की मांग की। व्यापार मंडल ने डीआईओएस से मांग किया कि प्राइवेट विद्यालयों द्वारा हर वर्ष किताबें न बदली जाए, कम से कम तीन वर्ष पुरानी किताबों का संचालन हो, किताबें लेने के लिए विद्यालयों द्वारा एक दुकान का निर्धारण न किया जाए, हर वर्ष प्रवेश शुल्क न लिया जाए, हर वर्ष ड्रेस, टाई, बेल्ट, बिल्ला भी न बदले जाएं, मंहगे दामों वाली किताबें भी न लगाई जाएं, साथ ही हर कक्षा में किताबों की संख्या निर्धारित हों। कक्षा 6 से 12 तक सिर्फ और सिर्फ सरकार द्वारा निर्धारित की गई कम मूल्यों वाली एनसीईआरटी किताबें लगवाई जाएं। डीआईओएस ने आष्वासन दिया कि शीघ्र ही विद्यालयों के लिए विभाग द्वारा मांगों से संबंधित पत्र जारी किया जाएगा। इस दौरान खागा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल, मंत्री अशोक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# आर्म्स एक्ट का अभियुक्त दोषसिद्ध, दो साल का कारावास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे पुलिस महानिदेशक के विशेष अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन ने एक बार फिर अपनी प्रभावशीलता सिद्ध की है। मॉनिटरिंग सेल की सशक्त और सतत पैरवी के चलते आर्म्स एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई है। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी कोर्ट संख्या 01 द्वारा थाना कोतवाली सदर में पंजी.त एसटी संख्या 170/2019, मु0अ0सं0 353/2019, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के मामले में अभियुक्त रामखिलावन उर्फ खिल्ला पुत्र सुखलाल, निवासी ठकुराइन का पुरवा, थाना मलवां को दोषसिद्ध पाया गया। न्यायालय ने अभियुक्त को 02 वर्ष के कठोर कारावास व 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह सफलता पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) के प्रभावी नेतृत्व में मॉनिटरिंग सेल द्वारा की गई मजबूत, निरंतर और तथ्यपरक पैरवी का परिणाम है। सराहनीय भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिटरिंग सेल महेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेन्द्र सिंह, विवेक कुमार, मॉनिटरिंग सेल विवेचक उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा, पैरोकार हेड कांस्टेबल सुल्तान सिंह, कोर्ट मुहर्रिर आकाश यादव व एडीजीसी महेंद्र सिंह शामिल रहे।

# वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेवाड़ी के समीप एनएच–2 में सोमवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 29 वर्शीय बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार औंग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी राजकिषोर का पुत्र नरसिंह रेलवे में प्राइवेट नौकरी करता था। रात लगभग ग्यारह बजे बाइक से ड्यूटी समाप्त कर वापस जा रहा था। जब वह रेवाड़ी के समीप पहुंचा तभी तेज रतार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव मछरिया में मंगलवार की सुबह परिजनों की डांट से क्षुब्ध 21 वर्शीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बड़ागांव मछरिया निवासी वीरेन्द्र कुमार नागर की पुत्री षिखा ने परिजनों की डांट से क्षुब्ध जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# बाइक से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम टीसी में मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 45 वर्शीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार टीसी गांव निवासी रामविषाल का पुत्र जय प्रकाष मंगलवार की सुबह बाइक लेकर षहर आ रहा था। जब वह गांव के बाहर निकला तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिजन अपने निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बाइक से गिरकर महिला जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के हरि का पुरवा गांव के समीप मंगलवार की सुबह दवा कराकर पुत्र के साथ बाइक से घर वापस आ रही 55 वर्शीय महिला चलती बाइक से गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हरि का पुरवा गांव निवासी चन्द्रपाल की पत्नी रामकली अपने पुत्र अजय के साथ बाइक से दवा कराकर घर वापस जा रही थी। जैसे ही बाइक गांव के समीप बस्तापुर के पास पहुंची तभी अचानक चलती बाइक से महिला गिर गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )